हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, रविवार, 22 जून 2025 | अंक 248/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या आप स्वास्थ से परेशान हो ?

* सर्दी खासी सिनेमाईटिस * ॲलर्जिक राईनिटिस * क्रॉनिक ब्रॉन्काईटिस * इसिनोफिलीया * ब्रॉनकियल बॉनकाईटस * कॉरपुलमानेल (कार्डियल) पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# 'ऑपरेशन सिंधु' 827 भारतीयों की सुरक्षित ईरान से वापसी

## तीन फ्लाइट्स से पहुंचे नई दिल्ली

**नई दिल्ली.**

इजरायल और ईरान के बीच चल रहे सैन्य टकराव के बीच भारत ने अपने नागरिकों को युद्ध क्षेत्र से बाहर निकालने के लिए 'ऑपरेशन सिंधु' चलाया है. इसके तहत ईरान से अब तक 827 भारतीय छात्र-छात्राओं और नागरिकों को लेकर तीन अलग अलग फ्लाइट्स नई दिल्ली पहुंच चुकी हैं. पहले बैच में 110 छात्र-छात्राओं को एयरलिफ्ट किया गया, जिनमें 90 स्टूडेंट्स कश्मीर के थे. दूसरे बैच में 290 और तीसरे बैच में 256 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकालकर नई दिल्ली लाया गया है.







**अलमास रिजवी :** ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से निकाली गई भारतीय नागरिक अलमास रिजवी ने कहा, 'हमें एक अच्छे होटल में रहने की जगह दी गई और समय पर दोपहर, रात का खाना, सब कुछ दिया गया.

अपने देश में वापस आकर अच्छा लग रहा है. भारतीय दूतावास ने हमारी बहुत मदद की. भारत सरकार ने हमारी अच्छी देखभाल की और हमें यह एहसास भी नहीं होने दिया कि हम युद्ध जैसी स्थिति में रह रहे हैं.' एक अन्य भारतीय नागरिक एलिया बतूल ने कहा, 'मैं यह बताने में असमर्थ हूं कि मैं अभी क्या महसूस कर रही हूं. मेरा परिवार बहुत चिंतित था. ईरान में हम सहज थे, हमें 5-सितारा होटल मुहैया कराया गया था और हमें सुरक्षा प्रदान की गई थी. लेकिन यहां आने के बाद, हम सहज महसूस कर रहे हैं. भारत सरकार का बहुत-बहुत धन्यवाद.'

**दानिया :** ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से निकाली गई भारतीय नागरिक दानिया ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं. हम डरे हुए थे. तेहरान में स्थिति बहुत भयावह थी. मैं भारतीय दूतावास और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं, जिनकी बदौलत हम यहां सुरक्षित पहुंच पाए.' मौलाना मोहम्मद सईद ने भारतीयों की सुरक्षित निकासी की प्रशंसा की और कहा, 'हम खुश और आभारी हैं कि हम सुरक्षित और स्वस्थ घर लौट पाए. ईरान में स्थिति अच्छी नहीं है और हम सभी जानते हैं. भारतीय दूतावास और हमारे राजदूत ने निकासी प्रक्रिया को बहुत सुचारू और सुरक्षित बनाया.'

**मीर मोहम्मद मुशर्रफ :** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा के मीर मोहम्मद मुशर्रफ ने भी भारत सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, 'मैं पुलवामा, कश्मीर से हूं... ऑपरेशन सिंधु अद्भुत और वास्तव में मददगार है. सेवाएं बहुत अच्छी थीं. हमने अपने दूतावास से संपर्क किया. हम तेहरान में फंस गए थे, यह नहीं जानते थे कि क्या करना है.

हमारे मकान मालिक भी चले गए और हम पीछे रह गए. यह केवल हमारा दूतावास था जिसने हमें यहां तक पहुंचने में मदद की. बहुत-बहुत धन्यवाद, भारत सरकार.' इजरायल द्वारा 13 जून को राजधानी तेहरान सहित देश भर में कई ठिकानों पर हवाई हमले किए जाने के बाद ईरान ने अगले आदेश तक अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था.

## भावुक हुए भारतीय नागरिक, व्यक्त की प्रतिक्रिया

इजरायल-ईरान संघर्ष के बीच सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए छात्रों और तीर्थयात्रियों ने भावुक होकर भारत सरकार के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया. ऑपरेशन सिंधु के तहत जैसे ही भारतीय नागरिक दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरे, उन्होंने 'भारत माता की जय' और 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाए. नोएडा निवासी तजकिया फातिमा ने कहा, 'मैं प्रधानमंत्री मोदी की बहुत आभारी हूं. अब अपने देश वापस आकर मुझे शांति महसूस हो रही है... अपने वतन वापस आना बहुत खुशी की बात है. वहां युद्ध की स्थिति है. हमें यकीन नहीं था कि हम वहां से कैसे निकलेंगे, लेकिन भारत सरकार ने पूरी प्रक्रिया को बहुत ही सहज बना दिया. मैं भारत सरकार की बहुत आभारी हूं.'

# कर्नाटक के मंत्री को मिली अमेरिका यात्रा की अनुमति

**बेंगलुरु.**



कर्नाटक के सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी (आईटी-बीटी) मंत्री प्रियांक खरगे को आखिरकार अमेरिका यात्रा की अनुमति मिल गई है. केंद्र सरकार ने पहले उनकी यात्रा पर रोक लगाई थी, लेकिन दो दिन पहले विदेश मंत्रालय को भेजे गए पत्र और मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद केंद्र ने अपना फैसला पलटते हुए नया आदेश जारी किया है. प्रियांक खरगे ने ट्वीट कर इस फैसले की जानकारी दी और केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह शुरू से ही एक अनुचित अवमानना थी और इसने कर्नाटक की छवि और विकास को प्रभावित किया. प्रियांक खरगे को अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में 14 से 27 जून के बीच आयोजित दो प्रतिष्ठित वैश्विक कार्यक्रमों बायो इंटरनेशनल कन्वेंशन 2025 और डिजाइन ऑटोमेशन कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए जाना था. इसके लिए उन्होंने 15 मई को केंद्र सरकार से अनुमति मांगी थी, लेकिन 4 जून को विदेश मंत्रालय ने खरगे के अनुरोध को खारिज कर दिया. खरगे ने केंद्र के फैसले को बताया था राजनीति से प्रेरित, इस फैसले के बाद राज्य सरकार और मंत्री खरगे ने इसे राजनीति से प्रेरित और विकास विरोधी कदम बताया. उन्होंने सवाल उठाया कि जब यह यात्रा राज्य के हित में है और किसी निजी उद्देश्य से नहीं की जा रही है, तो इसकी अनुमति क्यों नहीं दी गई? इससे पहले विधान सौध में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में खरगे ने इस मुद्दे पर खुलकर नाराजगी जताई थी. उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह बिना कारण कर्नाटक सरकार की योजनाओं में बाधा डाल रही है. उन्होंने कहा,हम अमेरिका में छुट्टियां मनाने नहीं जा रहे थे. यह एक आधिकारिक यात्रा थी, जिससे राज्य को निवेश और तकनीकी सहयोग मिलने वाला था.

# 'आप' पार्षद सारिका चौधरी का आरोप

## 'दलित महिला प्रतिनिधि का हो रहा अपमान'

**नई दिल्ली.**

दिल्ली में आम आदमी पार्टी की महिला विंग अध्यक्ष और पार्षद सारिका चौधरी ने बीजेपी और एमसीडी प्रशासन पर दलित और महिला प्रतिनिधियों को सुनियोजित तरीके से हाशिए पर डालने का आरोप लगाया है. शनिवार को आंबेडकर स्टेडियम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में बुलावा न मिलने से नाराज होकर सारिका चौधरी महिलाओं के साथ धरने पर बैठ गईं और बीजेपी के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की.

उन्होंने इसे दलित महिला का अपमान बताते हुए कहा कि मैं एक दलित महिला पार्षद हूं और मेरे वार्ड में हो रहे सरकारी कार्यक्रमों में मुझे बार-बार नजरअंदाज किया जा रहा है. सारिका चौधरी ने कहा कि एमसीडी नियमों के अनुसार, किसी भी वार्ड में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता वहां के चुने हुए पार्षद द्वारा की जानी चाहिए, लेकिन बीजेपी शासित एमसीडी ने सिस्टमैटिक तरीके से उन्हें हर बार बाहर रखा. उन्होंने बताया कि योग दिवस कार्यक्रम के कार्ड में मेयर, डिप्टी मेयर, अन्य वार्ड पार्षदों और अधिकारियों के नाम तो थे, लेकिन वार्ड की पार्षद का नाम तक नहीं था. आप नेता ने बीजेपी पर लगाए गंभीर आरोप आप नेता ने सत्ताधारी दल पर सीधा हमला करते हुए कहा कि बीजेपी दलितों और महिलाओं से नफरत करती है. एक दलित महिला को मंच पर बिठाना इन्हें मंज़ूर नहीं है.



उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले भी वेस्ट टू वंडर पार्क, निजामुद्दीन पार्किंग और शहीदी पार्क के कार्यक्रमों में उन्हें जानबूझकर आमंत्रित नहीं किया गया. मैं सिर्फ एक चेहरा नहीं हूं बल्कि जनता की चुनी हुई प्रतिनिधि हूं. प्रभावशाली लोगों को हराकर यह चुनाव जीता है.

आप नेता ने कहा कि अगर एमसीडी के कार्यक्रमों में ही पार्षद की भागीदारी नहीं होगी तो फिर लोकतंत्र का क्या मतलब रह जाएगा? उन्होंने दावा किया कि जब उन्होंने इस मामले में एमसीडी अधिकारियों और सेंट्रल जोन की अध्यक्ष योगिता सिंह से बात की, तो उन्हें कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला. मुझे कहा गया कि ऊपर से निर्देश हैं कि मेरा नाम नहीं डाला जा सकता.

### आप की मांग-पार्षदों के अधिकारों का सम्मान हो

आम आदमी पार्टी ने इस मामले को लोकतंत्र और सामाजिक न्याय से जोड़ते हुए बीजेपी पर तीखा हमला बोला है. पार्टी ने मांग की है कि सभी चुने हुए पार्षदों को, चाहे वे किसी वर्ग या लिंग से हों, समान सम्मान और भागीदारी मिलनी चाहिए. पार्टी नेताओं का कहना है कि जिसे जनता ने चुनकर भेजा है सरकारी कार्यक्रमों में उसे नजरअंदाज करना ठीक नहीं है.

# इंडिगो फ्लाइट की बेंगलुरु में आपात लैंडिंग



**बेंगलुरु.** 168 यात्रियों को लेकर गुवाहाटी से चेन्नई जा रही इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई-6764 (एयरबस ए321) को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी. आपात स्थिति तब बनी जब पायलट ने चेन्नई हवाई अड्डे पर लैंडिंग के प्रयास के दौरान विमान को गो अराउंड (बाल्क्ड लैंडिंग) करने का निर्णय लिया और इसके तुरंत बाद अपर्याप्त ईंधन का हवाला देते हुए मेडे कॉल दी, जो किसी विमान में गंभीर संकट की स्थिति को दर्शाता है.

विमान गुवाहाटी से शाम 4:40 बजे रवाना हुआ था और निर्धारित समयानुसार चेन्नई में 7:45 बजे उतरना था. हालांकि लैंडिंग गियर रनवे को छूने के बाद पायलट ने गो अराउंड का निर्णय लिया और विमान को पुनः हवा में मोड़ दिया. यात्रियों में फैली दहशत, विमान में सवार एक यात्री ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अचानक हुई ऊंचाई में वृद्धि से कई यात्री अपनी सीटों से उठ खड़े हो गए और कुछ भयभीत भी नजर आए. यात्री ने कहा, "यह अनुभव बहुत असहज और डरावना था." मेडे कॉल मिलते ही एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) ने तुरंत ग्राउंड स्टाफ को सतर्क कर दिया. मेडिकल और अग्निशमन टीमों को तत्परता से रनवे पर तैनात किया गया. आखिरकार, विमान रात 8:20 बजे बेंगलुरु हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंड हुआ. इमरजेंसी लैंडिंग को लेकर इंडिगो ने कही ये बात. इंडिगो ने अपने बयान में कहा कि उड़ान को चेन्नई हवाई अड्डे पर भारी यातायात के चलते डायवर्ट किया गया.

# एअर इंडिया ने विमान हादसे के पीड़ितों को देना शुरू किया अंतरिम मुआवजा

**अहमदाबाद.** अहमदाबाद में 12 जून हुई दुखद विमान दुर्घटना के बाद एअर इंडिया और उसकी मूल कंपनी टाटा संस ने प्रभावित परिवारों की मदद के लिए कई मानवीय प्रयास तेजी से शुरू किये हैं. एअर इंडिया ने जारी बयान में कहा है कि मृतकों के परिवारों और जीवित बचे लोगों को 25 लाख रुपए का अंतरिम मुआवजा देना शुरू कर दिया गया है. अब तक तीन परिवारों को भुगतान किया जा चुका है, जबकि अन्य मामलों में प्रक्रिया जारी है. बयान में कहा गया है कि एअर इंडिया ने 15 जून से एक केंद्रीकृत हेल्पडेस्क शुरू किया है, जो प्रत्येक प्रभावित परिवार के लिए एक सिंगल-विंडो सिस्टम के रूप में कार्य कर रहा है. यह व्यवस्था मुआवजे की प्रक्रिया को तेजी से दस्तावेजीकरण करके तुरंत शुरू करने में मदद करती है. उन्होंने कहा कि यह अंतरिम सहायता राशि टाटा संस द्वारा पहले घोषित 1 करोड़ रुपए के मुआवजे के अतिरिक्त है. एअर इंडिया उन लोगों के परिवारों से भी संपर्क कर रही है जो दुर्घटना में घायल हुए या जमीन पर अपनी जान गंवाई, ताकि उन्हें भी उचित मुआवजा दिया जा सके. पीड़ितों को मिल रही है 24/7 सहायता इस त्रासदी के बाद, टाटा समूह की 17 कंपनियों से जुड़े 500 से अधिक स्वयंसेवक सक्रिय रूप से प्रभावित लोगों की मदद कर रहे हैं. एअर इंडिया ने प्रत्येक परिवार को 24/7 सहायता प्रदान करने के लिए एक समर्पित देखभालकर्ता नियुक्त किया है, जो प्रभावित परिवारों की हर जरूरत में उनका साथ दे रहा है.



## ब्राजील में हॉट-एयर बैलून दुर्घटना

**ब्राजील.** ब्राजील के दक्षिणी राज्य सांता कैटरीना में एक दिल दहलाने वाला हादसा पेश आया है. स्थानीय और राज्य अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को कैटरीना में 21 यात्रियों को ले जा रहा एक हॉट-एयर बैलून दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें कम से कम आठ लोगों की जान चली गई. स्टेट फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक सुबह के समय उड़ान के दौरान टूरिस्ट गुब्बारे में आग लग गई और वह प्रिया ग्रांडे शहर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया. 21 यात्रियों में से 8 लोगों की मौत हो गई है. घायल हुए 13 लोगों को पास के अस्पाताल में भर्ती कराया गया है. हादसे की ये कोई पहली घटना नहीं है. जी1 की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले रविवार को साओ पाउलो राज्य में एक गुब्बारा गिर गया था, जिसमें 27 साल की एक महिला की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हुए थे. ब्राजील में प्रिया ग्रांडे हॉट-एयर बैलूनिंग के लिए एक आम जगह है, जो जून में सेंट जॉन जैसे कैथोलिक संतों के उत्सव के दौरान ब्राजील के दक्षिण के कुछ हिस्सों में एक लोकप्रिय गतिविधि है. इसको करने के लिए दूर दूर से लोग यहां आते हैं. हादसा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है. बिना जिम्मेदारी के टूरिस्टों की इस एक्टिविटी पर लोग सवाल खड़े कर रहे हैं.

# अगरतला एयरपोर्ट के 10 किमी क्षेत्र को 'बर्ड-फ्री' जोन बनाने की सिफारिश

**अगरतला.** त्रिपुरा के अगरतला स्थित एमबीबी एयरपोर्ट की एयरफील्ड पर्यावरण प्रबंधन समिति (एईएमसी) ने उड़ानों की सुरक्षा के लिए बड़ा सुझाव दिया है. समिति ने एयरपोर्ट के 10 किलोमीटर के दायरे को बर्ड-फ्री जोन बनाने की सिफारिश की है. यह फैसला सेफ और पर्यावरण के अनुकूल फ्लाइट मैनेजमेंट को बढ़ावा देने के लिए लिया गया है. एयरपोर्ट के डायरेक्टर के सी मीना ने बताया कि गुरुवार को पश्चिम त्रिपुरा के जिला मजिस्ट्रेट विशाल कुमार की अध्यक्षता में एईएमसी की बैठक हुई. इस बैठक में एयरपोर्ट और उसके आसपास के क्षेत्र में पर्यावरण प्रबंधन को बेहतर करने पर चर्चा की गई. इसका मुख्य उद्देश्य सेफ फ्लाइट मैनेजमेंट करवाना है. बैठक में पक्षियों से होने वाले खतरे, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और इफेक्टिव वेस्ट डिस्पोजल जैसे मुद्दों पर बात हुई. मीना ने कहा कि '10 किमी का बर्ड-फ्री जोन बनाने से न केवल उड़ानें सुरक्षित होंगी, बल्कि एयरपोर्ट के आसपास का पर्यावरण भी बेहतर होगा.' उन्होंने पर्यावरणीय जोखिमों को कम करने के लिए लगातार निगरानी और समय पर कार्रवाई की जरूरत पर भी जोर दिया. जिला मजिस्ट्रेट विशाल कुमार ने इस पहल को लागू करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से पूर्ण समर्थन का वादा किया. उन्होंने सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करने की बात कही. बैठक में अगरतला नगर निगम, जिला स्वास्थ्य सेवाएं, पुलिस, ब्लॉक विकास कार्यालय और एयरपोर्ट की विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया.




### मिडिल ईस्ट में तनाव चरम पर

# ईरान का अबतक का सबसे बड़ा मिसाइल हमला

**तेहरान.**

मिडिल ईस्ट में तनाव अपने चरम पर है. शुक्रवार को ईरान ने इजराइल के प्रमुख शहरों पर मिसाइलों की बौछार कर दी. इजराइली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने तुरंत देशभर में अलर्ट जारी कर लोगों से सेफ जगह पर छुप जाने की अपील की. पिछले हफ्ते इजराइल के ईरानी सैन्य ठिकानों पर हवाई हमलों के बाद शुरू हुए इस वॉर ने अब तक का सबसे बड़ा मिसाइल ऑपरेशन देखा है. जिसमें ईरान ने 400 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं. जो अब तक के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ है. लेकिन सवाल यह है कि ईरान ने अब तक कौन-कौन से हथियार इस्तेमाल किए है और उसके पास और कौन-से बचे हैं? ईरान ने इस वॉर में अपनी ताकत का खुलकर प्रदर्शन किया है. उसने गदर और इमाद जैसी पुरानी मिसाइलों के साथ-साथ खेबर शेकन मिसाइल का भी इस्तेमाल किया. खेबर शेकन एक मीडियम डिस्टेंस की सोलिड फ्यूल वाली मिसाइल है, जो अपनी सुपर स्पीड के लिए जानी जाती है. लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा फत्ताह-1 हाइपरसोनिक मिसाइल की हो रही है. यह मिसाइल मैक 15 की रफ्तार से उड़ती है. जिसे रोकना इजराइल के लिए सबसे बड़ी चुनौती है. इन हमलों ने इजराइल के तेल अवीव, यरुशलम और बेयर शेवा जैसे शहरों में दहशत मचा दी है. ईरान की खोर्रमशहर मिसाइल वॉर के बाद से चर्चा का केंद्र बनी हुई है. यह लिक्विड फ्यूल वाली मिसाइल 2,000 किलोमीटर की दूरी तक 1,500 किलोग्राम वजन का वारहेड ले जा सकती है. ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़े मीडिया ने पहले इसके लॉन्च का वीडियो शेयर किया था. ईरान ने इस वॉर में खोर्रमशहर के इस्तेमाल का कोई ऑफिसियल दावा नहीं किया है. कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान इसे रणनीतिक रूप से बचाकर रख रहा है,



### ईरान की मिसाइल का राज बरकरार

ईरान की मिसाइल रणनीति वॉर की दिशा तय कर रही है. उसके भंडार का आकार और स्थिति अभी साफ नहीं है. लेकिन इतना साफ है कि वह दबाव बनाए रखने की कोशिश में है. दूसरी ओर अमेरिका ने इजराइल की मदद के लिए ठाड़ डिफेंस सिस्टम तैनात किया है, जिससे तनाव और बढ़ सकता है. ईरान-इजराइल के बीच मिसाइल जंग ने मिडिल-ईस्ट को बारूद के ढेर पर ला खड़ा किया है.

बीसीएन एवं बीटीपी ग्रुप के संस्थापक

मा. सिराजभाई शेख



इनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में

बीसीएन, बीटीपी ग्रुप एवं कारा फाऊंडेशन के तरफ से

नि:शुल्क चष्मे, मोतीयाबिंदू ऑपरेशन, आरोग्य शिबीर

रविवार दि. २२ जुन २०२५ को सुबह ९.३० से दोपहर १ बजे तक

स्थल : श्री हनुमान मंदिर, गावंडीपूरा, बीडीपेठ, बिरगडे यांच्या घरा जवळ

शिबिर की अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे: संजय लहाने मो. 9579369253

फ्री आँखो की जांच — साथक

फ्री मोतियाबिंद ऑपरेशन — स्व. भानुताई गडकरी ग्रामीण विकास संस्था

जनरल जांच — nelson hospital

फ्री डेंटल जांच — Luminous Dental Care, Dr. Aditya Kawane Cell No.: 9112002604



प्रशांत बडनाके मो. 9730005615, इमरान शेख मो. 9730005662, स्वप्नील बुंधाडे मो. 8482817786

* आयोजक *

सौं. सुप्रिया श्री. उमेशजी तिजारे

CMYK

# पतंजलि ने मलेशिया से की बड़ी साझेदारी

> भारत के 9 लाख करोड़ बचाने की तैयारी

**नई दिल्ली.**




भारत का इंपोर्ट बिल सिर्फ क्रूड ऑयल या फिर गोल्ड ही नहीं बल्कि क्रूड एडिबल ऑयल से भी काफी बढ़ता है. एक अनुमान के अनुसार वित्त वर्ष 2025 भारत का एडिबल ऑयल इंपोर्ट 104 बिलियन डॉलर यानी 9 लाख करोड़ रुपए तक हो सकता है. अब आप समझ सकते हैं कि भारत में एडिबल ऑयल की कितनी डिमांड है. वो भी तब जब भारत भी इस मोर्चे पर प्रोडक्शन में कोई कमी नहीं छोड़ रहा, लेकिन अपनी खुद की डिमांड पूरी करने के लिए भारत को एडिबल ऑयल का इंपोर्ट करना पड़ता है. अब पतंजलि ने इस खर्च को कम करने या फिर खत्म करने का जिम्मा उठाया है. पतंजलि ने मलेशिया की सरकार के साथ एक बड़ी डील की है.

जिसके तहत वहां भी सरकार ने पाम ऑयल के बीज लेकर पतंजलि भारत में प्रोडक्शन करेगी. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर ये डील क्या है और भारत को इससे कितना फायदा हो सकता है.

पतंजलि का ये प्लान भारत के 9 लाख करोड़ रुपए के एडिबल ऑयल इंपोर्ट बिल को कम करने में मदद करेगा. रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का एडिबल ऑयल इंपोर्ट बिल 104 बिलियन डॉलर यानी 9 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो सकता है.

भारत के कुल इंपोर्ट बिल में एडिबल ऑयल की हिस्सेदारी काफी बड़ी है. जिसे सरकार कम करने के बारे में सोच रही है. पतंजलि का ये प्लान इसे कम करने का एक अहम प्रयास है. आकड़ों को देखें तो वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का एडिबल ऑयल बिल 96.1 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा देखने को मिला था

### भारत में पाम ऑयल को लेकर योजना

पतंजलि ग्रुप, पूर्वोत्तर भारत में पाम तेल मिल स्थापित करने की योजना बना रहा है, जिसके 2026 तक चालू होने की उम्मीद है.भारत में वर्तमान में लगभग 3,69,000 हेक्टेयर भूमि पर पाम की खेती होती है, जिसमें से करीब 1,80,000 हेक्टेयर पर पाम लगभग तैयार है.खेती का क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है जो 2024 तक लगभग 375,000 हेक्टेयर तक पहुंच गया.निकट भविष्य में इसमें 80,000 से 1,00,000 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र जुड़ने की उम्मीद है.भारत के पाम तेल के कुल उत्पादन में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल की 98 प्रतिशत हिस्सेदारी है.

# एमवे इंडिया का न्यूट्रीलाइट में नया इनोवेशन

**नई दिल्ली.**



भारत में बढ़ती स्वास्थ्य जागरूकता और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के चलते इम्युनिटी को लेकर उपभोक्ताओं में रुचि बढ़ी है। इसी को ध्यान में रखते हुए, एमवे इंडिया ने न्यूट्रीलाइट ट्रिपल प्रोटेक्ट नामक नया इम्युनिटी सप्लीमेंट लॉन्च किया है। यह वैज्ञानिक रूप से तैयार किया गया प्लांट प्रोटीन-आधारित पूरक है, जो एसरोला चेरी, हल्दी और मुलेठी जैसे तीन शक्तिशाली प्राकृतिक अवयवों से बना है। यह फॉर्मूला प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूती देने, सूजन को कम करने और आंत व त्वचा के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक है।

उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताओं को समझते हुए एमवे इंडिया ने ट्रिपल प्रोटेक्ट को अपने पोषण पोर्टफोलियो में शामिल किया है। यह ट्रिपल-एक्शन फॉर्मूला प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए एंटीऑक्सीडेंट सुरक्षा प्रदान करता है, जिससे शरीर की आंतरिक सुरक्षा मजबूत होती है। एमवे इंडिया के प्रबंध निदेशक रजनीश चोपड़ा ने कहा, 'भारत में खराब पोषण अब भी एक गंभीर चुनौती बना हुआ है। उपभोक्ताओं की प्राथमिकताएं अब समग्र स्वास्थ्य और मजबूत इम्युनिटी की ओर बढ़ रही हैं। 52% उपभोक्ताओं के लिए इम्युनिटी सप्लीमेंट्स का सबसे बड़ा लाभ है। न्यूट्रीलाइट ट्रिपल प्रोटेक्ट के ज़रिए हम उपभोक्ताओं को स्वच्छ, विज्ञान-समर्थित और प्राकृतिक पोषण विकल्प प्रदान कर रहे हैं।' प्राकृतिक और प्रमाणित स्रोतों से तैयार फॉर्मूला न्यूट्रीलाइट ट्रिपल प्रोटेक्ट में शामिल एसरोला चेरी ब्राज़ील के उबराजा स्थित प्रमाणित जैविक खेतों से प्राप्त की गई है, जिसमें आंवला की तुलना में सात गुना अधिक विटामिन सी होता है। हल्दी का अर्क 40 मिलीग्राम (जो कच्ची हल्दी से 50 गुना शक्तिशाली है) और मुलेठी का अर्क 167 मिलीग्राम (कच्ची मुलेठी से 6 गुना अधिक) है, जो शरीर को एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट लाभ प्रदान करते हैं। यह सप्लीमेंट विटामिन सी की अनुशंसित दैनिक मात्रा को पूरा करता है, और इसमें कोई कृत्रिम रंग, स्वाद या परिरक्षक नहीं है।

एमवे की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अमृता असरानी ने कहा, 'न्यूट्रीलाइट ट्रिपल प्रोटेक्ट हमारे समग्र स्वास्थ्य के दृष्टिकोण का एक मजबूत उदाहरण है। इसमें मौजूद तिकड़ी - एसरोला चेरी, हल्दी और मुलेठी - एक सैनिक, रक्षक और शांतिदूत की तरह कार्य करते हैं। ये तीनों मिलकर प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने, सूजन कम करने और शरीर को हानिकारक तत्वों से बचाने में मदद करते हैं।'

**उपलब्धता:** न्यूट्रीलाइट ट्रिपल प्रोटेक्ट अब भारत भर में एमवे के वितरकों और व्यवसाय मालिकों के माध्यम से एक्सक्लूसिव रूप से उपलब्ध है।

## बिहार में पेंशनभोगियों के लिए खुशखबरी

> बढ़ेगी मासिक आय

**पटना.**




बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़ा ऐलान किया है. उन्होंने सोशल सिक्योरिटी पेंशन स्कीम के तहत मिलने वाली पेंशन राशि में बढ़ोतरी करने का फैसला किया है. बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवा महिलाओं को मिलने वाली 400 रुपये की पेंशन को बढ़ाकर 11,00 रुपये प्रति माह कर दिया है.बिहार के मुख्यमंत्री ने खुशी जताते हुए बताया कि अब सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बुजुर्गों, विकलांगों और विधवा महिलाओं को हर महीने 400 रुपये की जगह 1,100 रुपये पेंशन मिलेगी.

जुलाई से सभी लाभार्थियों को बढ़ी हुई पेंशन हर महीने की 10 तारीख को दी जाएगी. उन्होंने एक्स पर लिखा कि इससे 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लोगों को बहुत मदद मिलेगी. बुजुर्ग हमारे समाज का कीमती हिस्सा हैं, और उनका सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है. राज्य सरकार इस दिशा में लगातार काम करती रहेगी.

मुख्यमंत्री ने पंचायती राज प्रतिनिधियों के भत्तों में वृद्धि की घोषणा की. जिला परिषद अध्यक्ष का मासिक भत्ता 20,000 से बढ़ाकर 30,000 रुपये, उपाध्यक्ष का 10,000 से 20,000 रुपये और मुखिया का 5000 से 7500 रुपये कर दिया गया. साथ ही, मनरेगा योजनाओं के लिए ग्राम पंचायत मुखिया को 10 लाख रुपये तक की योजनाओं को स्वीकृति देने का अधिकार दिया गया, जो पहले 5 लाख रुपये था.

यह निर्णय पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त करने और ग्रामीण विकास को गति देने के उद्देश्य से लिया गया. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में होने वाले चुनावों से पहले बड़ा दांव चला है. राज्य में चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं.

बीजेपी और जेडीयू एक बार फिर से सरकार बनाने के लिए प्रचार में जुटे हुए हैं. वहीं, दूसरी ओर इंडिया गठबंधन ने भी प्रचार-प्रसार तेज कर दिया है.

# सैमसंग की तकनीक से नेटवर्क को मिली मजबूती

> वीआई ने बेंगलुरु में शुरू की 5जी सर्विस

**नई दिल्ली.**







देश की अग्रणी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया ने बेंगलुरु में अपनी 5जी सेवाओं की शुरुआत कर दी है। यह सेवा सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के अत्याधुनिक नेटवर्क समाधानों की मदद से शुरू की गई है। इससे पहले अप्रैल 2025 में कंपनी ने चंडीगढ़ और पटना में भी 5जी सेवा शुरू की थी।

सैमसंग के उन्नत रेडियो और नेटवर्क सॉल्यूशंस ने न केवल वीआई के नेटवर्क की क्षमता को मजबूत किया है, बल्कि ऊर्जा दक्षता और लागत में भी सुधार किया है।

बेंगलुरु, जिसे भारत की 'सिलिकॉन वैली' कहा जाता है, में इस सेवा की शुरुआत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सैमसंग ने यहां 32 टी 32आर मैसिव एमआईएम रेडियो, बेसबैंड यूनिट्स और वर्चुअल सेंट्रल यूनिट जैसे सॉल्यूशंस उपलब्ध कराए हैं। इसके अलावा भारत में पहली बार वर्चुलाइज्ड बेस स्टेशन कंट्रोलर भी लागू किया गया है, जिससे वीआई की 2जी सेवाएं भी भविष्य के लिए तैयार हो रही हैं।

वीआई के चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर, जगबीर सिंह ने इसे सैमसंग के साथ एक रणनीतिक साझेदारी बताया, जो ग्राहकों को तेज और भरोसेमंद कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। वहीं, सैमसंग नेटवर्क बिजनेस के प्रमुख वूजून किम ने कहा कि भारत के डिजिटल परिवर्तन में योगदान देना उनके लिए गर्व की बात है। यह साझेदारी भविष्य की नेटवर्क जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

# डेटॉल फ्रेश अब सिर्फ सफाई नहीं फ्रेशनेस भी




> 12 घंटे की लंबी ताजगी का भरोसा

**नई दिल्ली.**

भारत के विश्वसनीय स्वच्छता ब्रांड डेटॉल ने अपने कोलोन फ्रेश और लाइम फ्रेश साबुन वेरिएंट्स में 12 घंटे की ताजगी का नया लाभ जोड़ते हुए उपभोक्ताओं को 'हमेशा तैयार' रहने के लिए प्रेरित किया है। यह नया फॉर्मूला न केवल शरीर की दुर्गंध पैदा करने वाले 99.9% कीटाणुओं^ को हटाता है, बल्कि लंबे समय तक तरोताजा महसूस कराने में भी मदद करता है। आधुनिक जीवनशैली में अचानक आने वाले सामाजिक या पेशेवर अवसरों के लिए तैयार रहना ज़रूरी है। ऐसे में डेटॉल फ्रेश उत्पाद आत्मविश्वास बनाए रखने में सहायक बनते हैं। कोलोन फ्रेश में मस्की कोलोन खुशबू और लाइम फ्रेश में चटपटी साइट्रस महक है, जो पूरे दिन ताजगी और ऊर्जा का एहसास देती है।

रेकिट साउथ एशिया की हेल्थ रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर कनिका कालरा कहती हैं, 'हमारा मानना है कि असली आत्मविश्वास तब आता है जब व्यक्ति खुद को तरोताजा और सुरक्षित महसूस करता है। यह लॉन्च केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और अवसरों को पकड़ने के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने का प्रतीक भी है।'

इस अभियान के तहत मैककैन वर्ल्ड ग्रुप द्वारा दो विज्ञापन फिल्में लॉन्च की गई हैं। एक फिल्म में एक युवती एयरपोर्ट पर स्टार्टअप पिच के लिए तैयार होती है और डेटॉल की ताजगी के साथ वह आत्मविश्वास से अवसर को पकड़ लेती है। दूसरी फिल्म में एक उभरता संगीतकार नाइट क्लब में परफॉर्म करने के लिए तभी तैयार होता है जब वह डेटॉल के उपयोग से तरोताजा महसूस करता है। मैककैन इंडिया के सीईओ प्रसून जोशी ने कहा, 'अवसर किसी भी समय आ सकते हैं। और जब वे आएं, तो व्यक्ति को खुद को तरोताजा, आत्मविश्वासी और तैयार महसूस करना चाहिए यही इस अभियान की सोच है।'

# गुप्त बैठकों के बाद ट्रंप का बड़ा फैसला

**वाशिंगटन.**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को दो सप्ताह की मोहलत देकर वैश्विक कूटनीति में हलचल मचा दी है. यह मोहलत ईरान-इजराइल के बीच चल रहे तनाव और इजराइल की सैन्य कार्रवाइयों के बीच अमेरिका के संभावित हस्तक्षेप से बचने के लिए दी गई है. ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि ईरान के पास अधिकतम दो सप्ताह हैं, वरना अमेरिका हवाई हमलों पर विचार कर सकता है. लेकिन इस 14 दिन की समयसीमा और इसके पीछे छिपे 'टैको प्लान' की चर्चा ने सवाल खड़े किए हैं. क्या यह वाकई कूटनीति का मौका है या ईरान को भ्रमित करने की रणनीति? अगर अमेरिका ईरान पर सीधे तौर पर हमला करता है, इसका पूरी दुनिया की इकोनॉमी पर क्या असर होगा उसे भी समझते हैं.

कई विशेषज्ञ इसे ट्रंप की 'ट्रिक ऑर टैको' रणनीति का हिस्सा मान रहे हैं. 'टैको' शब्द यहां एक रूपक के तौर पर देखा जा रहा है, जो उनकी अप्रत्याशित और भ्रमित करने वाली कूटनीति को दर्शाता है. कुछ का मानना है कि यह समय सीमा ईरान को दबाव में लाने की रणनीति है, ताकि वह अपने परमाणु कार्यक्रम को सीमित करे.

दूसरी ओर, यह भी हो सकता है कि ट्रंप इस समय का उपयोग अपनी सैन्य तैयारियों को मजबूत करने और क्षेत्र में दूसरा विमानवाहक पोत तैनात करने के लिए कर रहे हों, जैसा कि कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है.हालांकि, ट्रंप ने पहले कूटनीति को प्राथमिकता देने की बात कही थी, लेकिन इजराइल के हमलों के बाद उनका रुख कड़ा हो गया है. ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा है कि जब तक इजराइल हमले बंद नहीं करता, बातचीत संभव नहीं. इस बीच, अरब लीग और इस्लामिक सहयोग संगठन जैसे मंचों पर इस मुद्दे पर चर्चा तेज हो गई है.

## क्रैश के बाद एयर इंडिया की बुकिंग में आई भारी गिरावट

**मुंबई.**




अहमदाबाद में 12 जून को हुए विमान क्रैश के बाद विमानन कंपनी एयर इंडिया की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं. पहले कंपनी की बुकिंग में गिरावट देखने को मिली, अब एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए ने कंपनी पर चाबुक चलाया है. भारत के नागरिक उड्डयन नियामक ने क्रू सुरक्षा मानदंडों के गंभीर और बार-बार उल्लंघन के लिए एयर इंडिया की खिंचाई की है और एयरलाइन के शेड्यूलिंग विभाग में क्रू रोस्टरिंग के प्रमुख तीन सीनियर ऑफिसर्स को उनके पदों से हटाने का आदेश दिया है.विमानन नियामक डीजीसीए ने टाटा समूह की एयर इंडिया को अपने तीन अधिकारियों चूराह सिंह पिंकी मित्तल और पायल अरोड़ा के खिलाफ तुरंत आंतरिक अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने को कहा है.

ये अधिकारी उड़ान चालक दल के शेड्यूलिंग में नियमों के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार पाए गए हैं. एयर इंडिया ने स्वीकार किया कि उनके क्रू को लाइसेंसिंग, उड़ान समय और आराम की अवधि के नियमों का पालन नहीं करते हुए शेड्यूल किया जा रहा था, जो उड़ान सुरक्षा के लिए जरूरी हैं.

डीजीसीए ने चेतावनी दी कि भविष्य में क्रू शेड्यूलिंग, लाइसेंसिंग या उड़ान समय के नियमों का कोई भी उल्लंघन होने पर सख्त कार्रवाई होगी, जिसमें जुर्माना, लाइसेंस निलंबन या एयर इंडिया के संचालन की अनुमति रद्द करना शामिल हो सकता है.इसी साल फरवरी में दिल्ली उच्च न्यायालय ने डीजीसीए को पायलटों के लिए संशोधित ड्यूटी और आराम के नियमों को लागू करने के लिए अपनी समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया. जो 1 जुलाई 2025 से चरणबद्ध रूप से शुरू होंगे.

## सोना बना भारत की आर्थिक ताकत का प्रतीक

**नई दिल्ली.**



भारत में सोने को रखने की परंपरा बहुत पुरानी है. लोग सोने का निवेश खूब मात्रा में करते हैं. इसी को लेकर हाल ही में वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल ने डेटा जारी किया है, जिसके मुताबिक भारत के घरों में, मंदिरों में सामूहिक रूप से लगभग 25,000 टन सोना है, जिसकी मौजूदा कीमत पाकिस्तान की इकोनॉमी की 6 गुना से ज्यादा है.देश में अभी घरों और मंदिरों में जो सोना है. उसकी कीमत लगभग 2.4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर है और यह गोल्ड देश की वित्त वर्ष 2026 में नॉमिनल जीडीपी का करीब 56 प्रतिशत हिस्सा है.इसकी कीमत इतनी विशाल है कि यह कई देशों की जीडीपी को भी पीछे छोड़ देती है.पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था जिसकी जीडीपी अनुमानित रूप से 400 अरब डॉलर के आसपास है, भारतीय घरों और मंदिरों में मौजूद सोने की दौलत की तुलना में काफी छोटी नजर आती है. यह तथ्य भारत की इस अनूठी संपत्ति की ताकत को दर्शाता है. भारतीय घरों और मंदिरों में सोने की वैल्यू पाकिस्तान की कुल जीडीपी से 6 गुना ज्यादा है.विशेषज्ञों का मानना है कि यह सोना न केवल व्यक्तिगत संपत्ति के रूप में महत्वपूर्ण है

# पुरानी पेट्रोल-डीजल गाड़ियों को नहीं मिलेगा ईंधन

> 1 जुलाई से लागू होंगे सख्त ईंधन नियम

**नई दिल्ली.**



कमीशन ऑफ एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने घोषणा की है कि 1 जुलाई से दिल्ली के फ्यूल पर ऑटोमेटिक नंबर प्लेट पहचान (एएनपीआर) कैमरों के माध्यम से पहचाने गए सभी एंड-ऑफ-लाइफ (ईओएल) व्हीकल्स को फ्यूल भरने की अनुमति नहीं दी जाएगी. एंड-ऑफ-लाइफ (ईओएल) वाहन 10 साल से अधिक पुराना कोई भी डीजल वाहन और 15 साल से अधिक पुराना पेट्रोल वाहन है. सीएक्यूएम के अनुसार, यह प्रतिबंध 1 नवंबर से गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर और सोनीपत तक फैल जाएगा और 1 अप्रैल, 2026 से एनसीआर के बाकी हिस्सों को कवर करेगा. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर सीएक्यूएम ने किस तरह का ऐलान किया है.

इसके अलावा, इंफोर्समेंट बढ़ाने के लिए, दिल्ली परिवहन विभाग ने डेटा की निगरानी करने, सबसे ज़्यादा फ़्लैग किए गए वाहनों वाले फ्यूल स्टेशनों की पहचान करने और सख्त अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए 100 समर्पित टीमों को तैनात किया है. शर्मा ने कहा कि दिल्ली और एनसीआर की हवा को साफ करने के लिए पुराने बीएस मानक वाले वाहनों को हटाना बहुत जरूरी है.

ये वाहन वायु प्रदूषण में बड़ी भूमिका निभाते हैं. अब जब एक पारदर्शी, डिजिटल और जवाबदेह सिस्टम लागू हो गया है, तो इस सिस्टम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए टोल सेंटर्स पर भी इसका इस्तेमाल किया जाएगा. इसके लिए लगभग 100 इंफोर्समेंट टीम काम करेगी.एएनपीआर सिस्टम व्हीकल के फ्यूल स्टेशनों पर एंटर करते समय ऑटोमैटिकली लाइसेंस प्लेट नंबरों को कैप्चर करती है.

फिर यह डेटा को व्हीकल डेटाबेस के साथ क्रॉस-रेफरेंस करता है, जो रजिस्ट्रेशन डिटेल, फ्यूल टाइप और वाहन की आयु जैसी जानकारी कलेक्ट है.

### 3.63 करोड़ से अधिक वाहनों की जांच

सीएक्यूएम के मेंबर डॉ. वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि दिल्ली भर में 500 फ्यूल स्टेशनों पर एएनपीआर कैमरे लगाए गए हैं, जिससे वाहनों के डेटा की रीयल-टाइम ट्रैकिंग संभव हो गई है. अब तक, सिस्टम ने 3.63 करोड़ से अधिक वाहनों की जांच की है, जिनमें से 4.90 लाख को एंड-ऑफ-लाइफ के रूप में चिह्नित किया गया है. शर्मा ने यह भी कहा कि 29.52 लाख वाहनों ने अपने प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र का नवीनीकरण कराया है, जिसके परिणामस्वरूप 168 करोड़ रुपए के चालान जारी किए गए हैं.


महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्रलक्ष्मी विकली लॉटरी
सोडत दर शनिवारी • तिकीट किमत रु. 50/- • सोडत क्र. 25 • सोडत दिनांक 21/06/2025

पहिले सामाईक बक्षिस रु. 7 लाख — ML-05 : 4018
उत्तेजनार्थ बक्षिस रु. 5000/- — पहिल्या बक्षीसाची विजेता मालिका सोडून इतर सर्व मालिकांसाठी 4018 — डायमंड कॉर्पोरेशन - बोरिवली / प्रिन्स लॉटरी सेंटर अँड जनरल स्टोअर्स - कल्याण

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| बक्षिस | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1014 | 4057 | 4125 | 4719 | 5988 | 6203 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1319 | 2565 | 4086 | 4784 | 5002 | 6256 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 1923 | 3107 | 4505 | 5540 | 5927 | 6280 |
| पाचवे बक्षिस रु. 200/- | 2455 | 2483 | 3743 | 4335 | 4450 | 6394 |

सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1876 | 2240 | 2579 | 3120 | 3512 | 3908 | 4410 | 4759 | 5231 | 5657 | 6191 | 6637 |
| | | 1881 | 2243 | 2588 | 3136 | 3514 | 3922 | 4419 | 4788 | 5250 | 5694 | 6206 | 6655 |
| 1016 | 1381 | 1891 | 2245 | 2592 | 3161 | 3519 | 3942 | 4424 | 4799 | 5256 | 5705 | 6209 | 6657 |
| 1018 | 1383 | 1913 | 2249 | 2604 | 3176 | 3523 | 3964 | 4430 | 4829 | 5263 | 5719 | 6216 | 6659 |
| 1027 | 1396 | 1915 | 2250 | 2657 | 3180 | 3534 | 3977 | 4434 | 4844 | 5277 | 5721 | 6223 | 6664 |
| 1041 | 1418 | 1918 | 2252 | 2668 | 3202 | 3546 | 3987 | 4435 | 4849 | 5292 | 5767 | 6226 | 6674 |
| 1055 | 1419 | 1921 | 2257 | 2669 | 3209 | 3555 | 4012 | 4445 | 4874 | 5309 | 5785 | 6256 | 6678 |
| 1065 | 1470 | 1928 | 2258 | 2675 | 3276 | 3557 | 4024 | 4453 | 4884 | 5340 | 5797 | 6263 | 6680 |
| 1077 | 1484 | 1950 | 2266 | 2721 | 3292 | 3558 | 4045 | 4457 | 4886 | 5385 | 5807 | 6266 | 6690 |
| 1084 | 1486 | 1973 | 2273 | 2727 | 3293 | 3579 | 4047 | 4460 | 4894 | 5402 | 5879 | 6267 | 6691 |
| 1103 | 1491 | 1981 | 2274 | 2732 | 3317 | 3589 | 4048 | 4464 | 4898 | 5434 | 5884 | 6278 | 6696 |
| 1107 | 1499 | 1989 | 2278 | 2755 | 3320 | 3593 | 4071 | 4465 | 4903 | 5440 | 5895 | 6302 | 6700 |
| 1108 | 1509 | 1992 | 2282 | 2765 | 3322 | 3598 | 4074 | 4471 | 4904 | 5445 | 5905 | 6332 | 6733 |
| 1117 | 1511 | 2021 | 2286 | 2778 | 3333 | 3620 | 4090 | 4474 | 4918 | 5448 | 5916 | 6368 | 6762 |
| 1118 | 1522 | 2027 | 2296 | 2792 | 3334 | 3623 | 4104 | 4484 | 4924 | 5456 | 5934 | 6385 | 6763 |
| 1129 | 1541 | 2031 | 2300 | 2793 | 3337 | 3634 | 4121 | 4489 | 4942 | 5469 | 5939 | 6397 | 6765 |
| 1134 | 1548 | 2055 | 2318 | 2797 | 3347 | 3661 | 4142 | 4490 | 4943 | 5475 | 5941 | 6403 | 6768 |
| 1145 | 1561 | 2058 | 2329 | 2798 | 3353 | 3663 | 4146 | 4501 | 4947 | 5485 | 5955 | 6418 | 6774 |
| 1148 | 1634 | 2098 | 2338 | 2822 | 3354 | 3665 | 4164 | 4505 | 4949 | 5489 | 5957 | 6420 | 6802 |
| 1155 | 1649 | 2134 | 2364 | 2829 | 3363 | 3683 | 4174 | 4512 | 4955 | 5511 | 5973 | 6456 | 6847 |
| 1171 | 1671 | 2141 | 2367 | 2838 | 3367 | 3708 | 4199 | 4514 | 4959 | 5518 | 5976 | 6462 | 6862 |
| 1175 | 1681 | 2150 | 2380 | 2839 | 3379 | 3731 | 4212 | 4521 | 4974 | 5525 | 5985 | 6484 | 6863 |
| 1183 | 1710 | 2153 | 2387 | 2848 | 3385 | 3733 | 4232 | 4524 | 4983 | 5529 | 5998 | 6497 | 6865 |
| 1189 | 1711 | 2175 | 2422 | 2852 | 3393 | 3735 | 4244 | 4540 | 4984 | 5531 | 6000 | 6546 | 6866 |
| 1192 | 1742 | 2178 | 2436 | 2876 | 3410 | 3743 | 4248 | 4545 | 4993 | 5545 | 6006 | 6562 | 6867 |
| 1206 | 1753 | 2181 | 2437 | 2898 | 3421 | 3771 | 4257 | 4592 | 5009 | 5553 | 6030 | 6576 | 6876 |
| 1222 | 1791 | 2192 | 2454 | 2946 | 3428 | 3778 | 4274 | 4601 | 5058 | 5557 | 6064 | 6586 | 6882 |
| 1231 | 1805 | 2201 | 2478 | 2981 | 3430 | 3803 | 4294 | 4632 | 5071 | 5559 | 6076 | 6588 | 6883 |
| 1237 | 1808 | 2202 | 2495 | 2985 | 3432 | 3833 | 4304 | 4640 | 5074 | 5565 | 6087 | 6593 | 6918 |
| 1241 | 1811 | 2203 | 2502 | 3030 | 3433 | 3834 | 4322 | 4661 | 5097 | 5567 | 6096 | 6596 | 6946 |
| 1247 | 1815 | 2204 | 2507 | 3033 | 3438 | 3841 | 4323 | 4682 | 5105 | 5570 | 6107 | 6600 | 6949 |
| 1260 | 1818 | 2214 | 2514 | 3071 | 3455 | 3847 | 4368 | 4683 | 5110 | 5577 | 6117 | 6601 | 6965 |
| 1285 | 1832 | 2222 | 2520 | 3075 | 3462 | 3849 | 4374 | 4704 | 5112 | 5579 | 6146 | 6608 | 6968 |
| 1319 | 1835 | 2227 | 2528 | 3084 | 3476 | 3863 | 4392 | 4708 | 5143 | 5583 | 6164 | 6613 | 6970 |
| 1339 | 1862 | 2232 | 2535 | 3095 | 3488 | 3870 | 4400 | 4737 | 5178 | 5605 | 6173 | 6625 | 6990 |
| 1374 | 1865 | 2237 | 2576 | 3096 | 3493 | 3889 | 4406 | 4742 | 5226 | 5621 | 6179 | 6634 | 6996 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत — सोडत दिनांक 24/06/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹14 लाख पहिले सामाईक बक्षिस रु. — दुसरे बक्षिस ₹2.5 लाख (रु. 10 हजाराची 25 बक्षिसे) — तिकीट किंमत ₹20/-
महाराष्ट्रलक्ष्मी सोडत दिनांक 21/06/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. — प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — गणेशलक्ष्मी समृद्धी विकली लॉटरी — सोडत संध्या. 5:00
सोडत दर शनिवार • सोडत क्रमांक 25 • तिकीट किं. रु. 10/- • सोडत दिनांक 21/06/2025

पहिले बक्षिस रु. 10000/- — जिंकले — MG-03 : 4887 — महाराजा लॉटरी सेंटर, इचलकरंजी
सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी
दुसरे बक्षिस रु. 5000/- — जिंकले — 4613 — अंबिका एजन्सी, दादर, मुंबई
तिसरे बक्षिस रु. 1000/- — 1297 (श्री सिद्धि समर्थ एजेंसी, दादर - मुंबई) — 1328 (श्री एन्टरप्रायझेस, दादर, मुंबई) — 2218 (ओम गं गणपतेय नमः लॉटरी - पुणे) — 3337 (ओम गं गणपतेय नमः लॉटरी - पुणे) — 7971

चौथे बक्षीस रु. 400/- (सर्व मालिकांसाठी)

| चौथे बक्षिस रु. 400/- | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1423 | 2256 | 3073 | 4049 | 4864 | 6342 | 7460 | 8298 |
| 1013 | 1550 | 2424 | 3105 | 4224 | 5538 | 6453 | 7732 | 8316 |
| 1033 | 1554 | 2436 | 3173 | 4408 | 5835 | 6464 | 7748 | 8602 |
| 1110 | 1727 | 2726 | 3214 | 4414 | 5981 | 6903 | 7771 | 8612 |
| 1121 | 1921 | 2734 | 3389 | 4470 | 6006 | 6961 | 7971 | 8778 |
| 1126 | 2007 | 2792 | 3392 | 4529 | 6007 | 7154 | 8025 | 8809 |
| 1140 | 2036 | 2918 | 3449 | 4564 | 6066 | 7243 | 8084 | 8873 |
| 1154 | 2052 | 2928 | 3723 | 4745 | 6069 | 7271 | 8245 | 8948 |
| 1312 | 2174 | 3035 | 3828 | 4832 | 6164 | 7383 | 8246 | 8964 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत — सोडत दिनांक 24/06/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹14 लाख पहिले सामाईक बक्षिस रु. — दुसरे बक्षिस ₹2.5 लाख (रु. 10 हजाराची 25 बक्षिसे) — तिकीट किंमत ₹20/-
गणेशलक्ष्मी समृद्धी विकली लॉटरी सोडत दिनांक 21/06/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र सह्याद्री — प्रभालक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत सायं. 4:30 वाजता
सोडत दर शनिवार • सोडत क्रमांक 25 • तिकीट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 21/06/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- — SP-08 : 2280 — पवार लॉटरी - ठाणे
सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी
दुसरे बक्षिस रु. 5000/- — 1778 — श्री गणेश एन्टरप्रायझेस, दादर, मुंबई
तिसरे बक्षिस रु. 2000/- — 1071 (हरी श्री लॉटरी सेंटर, नालासोपारा) — 4949 — 5721

चौथे बक्षीस रु. 700/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1029 | 1988 | 3036 | 4233 | 5208 |
| 1076 | 2015 | 3403 | 4480 | 5455 |
| 1096 | 2042 | 3416 | 4491 | 5500 |
| 1111 | 2211 | 3555 | 4674 | 5525 |
| 1209 | 2248 | 3568 | 4784 | 5536 |
| 1807 | 2575 | 3583 | 4788 | 5805 |
| 1898 | 2700 | 3693 | 4894 | 5856 |
| 1957 | 2726 | 3703 | 5070 | 5939 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत — सोडत दिनांक 24/06/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹14 लाख पहिले सामाईक बक्षिस रु. — दुसरे बक्षिस ₹2.5 लाख (रु. 10 हजाराची 25 बक्षिसे) — तिकीट किंमत ₹20/-
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री प्रभालक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 21/06/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शनि विकली लॉटरी — सोडत संध्या. 4:45 वाजता
सोडत दर शनिवार • सोडत क्रमांक 25 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 21/06/2025

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 0141 | 2402 | 4912 | 8612 | 2681 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES
दुसरे बक्षिस रु. 5000/- — 1664 — 3695
तिसरे बक्षिस रु. 2000/- — 4212 — 4224 — 5178 (श्री सिद्धि समर्थ एजेंसी, दादर - मुंबई) — 6502 (महावीर लॉटरी सेंटर, कोल्हापूर) — 7495

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 0242 | 1459 | 1557 | 4150 | 4727 | 4777 | 5081 | 6981 | 8004 | 9396 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 0808 | 2311 | 5008 | 6044 | 6347 | 7344 | 7543 | 8735 | 9230 | 9773 |

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| सहावे बक्षिस रु. 300/- | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 0465 | 1273 | 2049 | 3203 | 4189 | 5328 | 6509 | 7481 | 8498 | 9229 |
| | 0478 | 1310 | 2140 | 3272 | 4224 | 5347 | 6573 | 7491 | 8582 | 9242 |
| 0002 | 0500 | 1312 | 2226 | 3320 | 4229 | 5348 | 6574 | 7539 | 8597 | 9294 |
| 0003 | 0562 | 1326 | 2291 | 3321 | 4262 | 5448 | 6601 | 7574 | 8671 | 9484 |
| 0019 | 0596 | 1384 | 2298 | 3360 | 4409 | 5490 | 6622 | 7597 | 8741 | 9516 |
| 0027 | 0622 | 1416 | 2307 | 3393 | 4429 | 5527 | 6664 | 7639 | 8781 | 9724 |
| 0073 | 0624 | 1429 | 2318 | 3397 | 4437 | 5586 | 6686 | 7650 | 8790 | 9725 |
| 0104 | 0670 | 1467 | 2424 | 3399 | 4457 | 5605 | 6688 | 7668 | 8864 | 9751 |
| 0121 | 0803 | 1561 | 2522 | 3437 | 4460 | 5726 | 6699 | 7680 | 8866 | 9760 |
| 0130 | 0904 | 1596 | 2572 | 3508 | 4497 | 5729 | 6743 | 7701 | 8952 | 9809 |
| 0174 | 0912 | 1612 | 2582 | 3591 | 4580 | 5815 | 6771 | 7736 | 8972 | 9810 |
| 0208 | 0997 | 1634 | 2644 | 3709 | 4684 | 5932 | 6922 | 7776 | 8983 | 9878 |
| 0224 | 1064 | 1753 | 2682 | 3832 | 4837 | 5944 | 6979 | 7785 | 8988 | 9888 |
| 0231 | 1093 | 1760 | 2698 | 3924 | 4954 | 6148 | 7078 | 7872 | 9024 | 9895 |
| 0376 | 1128 | 1813 | 2720 | 3962 | 4994 | 6328 | 7080 | 7965 | 9092 | 9918 |
| 0381 | 1159 | 1815 | 2822 | 3985 | 5049 | 6333 | 7096 | 8025 | 9095 | 9944 |
| 0385 | 1168 | 1863 | 2836 | 4013 | 5065 | 6379 | 7329 | 8245 | 9135 | 9958 |
| 0387 | 1173 | 1879 | 2865 | 4026 | 5135 | 6393 | 7383 | 8482 | 9198 | 9963 |
| 0405 | 1193 | 2022 | 2938 | 4049 | 5245 | 6485 | 7395 | 8493 | 9200 | 9998 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत — सोडत दिनांक 24/06/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹14 लाख पहिले सामाईक बक्षिस रु. — दुसरे बक्षिस ₹2.5 लाख (रु. 10 हजाराची 25 बक्षिसे) — तिकीट किंमत ₹20/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शनि विकली लॉटरी सोडत दिनांक 21/06/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉंटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

# मेघा कपूर, A True Beauty Architect...

## संघर्ष से सितारा बनीं- मेघा कपूर की कहानी सबको देती है प्रेरणा

## देश से विदेश तक, मेघा कपूर ने मेकअप को नई ऊँचाई दी

जब बात हो जुनून, समर्पण और लगन की, तो मेघा कपूर का नाम स्वतः ही सामने आता है। एक छोटे से शहर से निकलकर इंटरनेशनल सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट बनने का उनका सफर न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि यह साबित करता है कि अगर इरादे मजबूत हों तो कोई भी सपना असंभव नहीं होता। कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और अपने हुनर में विश्वास ने मेघा को वहाँ पहुँचाया, जहाँ आज वे ग्लोबल फैशन और ब्यूटी इंडस्ट्री में एक पहचाना हुआ नाम बन चुकी है.









- कुछ करने की चाह रखने वाली लड़कियों को प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बना रहीं मेघाज मेकओवर एकेडमी.
- बहुत ही कम उम्र से जो लगन और कड़ी मेहनत शुरू की, उसकी नतीजा यह रहे कि, आज वे इतनी ऊंचाइयों तक पहुंच गई है कि वे अपने आप में एक ब्रांड बन गई है.
- 13 साल की उम्र में ही शुरू कर दिया था काम, मेधा कपूर कहती है कि उन्हें भगवान ने शायद इसी काम के लिए चुना था. उनकी बचपन से ही कुछ हटकर कर दिखाने की चाहत थी. वे चाहती थीं कि अपने काम के बल पर अपनी एक अलग पहचान बनाऊं, इसी सोच के साथ इन्होंने 13 साल की उम्र में ही अपनी मौसी वीना कपूर के सलुन में काम करने की शुरुआत कर दी थीं, यह दौर उनके लिए सीखने का था, उनके जीवन में उनकी मौसी ही पहली गुरु है.
- वे कहती है कि आपको यकीन नहीं होगा कि मेरे पास कोई डिग्री नहीं है सिवाय मेरे गुरु के उन्हीं की वजह से मैं आज यहां तक पहुंची हूँ.
- उनकी यही से शुरू हुई यात्रा ने आज उन्हें कहां से कहां तक पहुंचा दिया. जिसमें उनकी मेहनत को वह सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण मानती है, आज नागपुर ही नहीं तो बल्कि देश-विदेश के मेकअप आर्टिस्ट को वे अपने मेकओवर एकेडमी के माध्यम प्रशिक्षित कर रहीं है. यहां हजारों स्टूडेंट्स ब्यूटी और मेकअप से जुड़े कोसेस कर अपना स्वयं रोजगार शुरु कर रही है.
- अपने जिंदगी के एक दौर के बारे में बताते हुए मेघा कहती है कि एक समय ऐसा भी आया जब अचानक उनके पति का एक्सीडेंट हो गया, इस समय उन्हें लगा कि शायद उन्हें उनके करियर को स्टॉप करना पड़ेगा, लेकिन इस मुश्किल दौर का भी उन्होंने डटकर सामना किया, हिम्मत नहीं हारी, और डरकर हालात का सामना करते हुए आगे बड़ी, अपने छोटे बच्चे के साथ अपनी मेहनत जारी रखी.
- 7 साल तक चले संघर्ष के दिनों को भूलाकर वे आगे बढ़ी, सासु माँ दौरों पैरों से विकलांग है, बावजूद इसके उन्होंने हर समय अपनी बहू को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी, अपने माता-पिता, स पति और बहन का साथ लेकर उन्होंने इंडिया के बाहर भी अपनी किस्मत आजमाई.
- दुबई के इंटरनेशनल सटिफिकेट से लेकर तो कई देशों के सर्टिफिकेट्स से उन्हें नवाजा गया है.
- 16 साल की लड़कियों से लेकर तो 52 साल तक की महिलाएं को इस फील्ड में शिक्षित कर अपने पैरों पर खड़ा करवा रही है











### "मिलेनियल ब्यूटी एंड बिज़नेस अवॉर्ड शो- सीज़न 3" का भव्य आयोजन, ग्लैमर और उद्यमिता का अद्भुत संगम

- ब्यूटी और बिज़नेस की दुनिया के उभरते सितारों को एक मंच पर सम्मानित करने के उद्देश्य से "मिलेनियल ब्यूटी एंड बिज़नेस अवॉर्ड शो - सीज़न 3" का भव्य आयोजन बड़े ही शानदार तरीके से किया जाएगा, यह कार्यक्रम उन प्रतिभाओं को सम्मान देने के लिए आयोजित किया गया है. जिन्होंने सौंदर्य और व्यापार की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है।
- इस सीज़न का आयोजन ग्लिट्ज़, ग्लैमर और प्रेरणा से भरपूर रहा, जहाँ देशभर से नामचीन मेकअप आर्टिस्ट्स, उद्यमी महिलाएँ, फैशन आइकॉन, और बिज़नेस इनोवेटर्स शिरकत करने वाले हैं. समारोह में रेड कार्पेट, पुरस्कार वितरण और लाइव परफॉर्मेंस दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देंगे.
- इस अवॉर्ड शो का उद्देश्य न केवल सौंदर्य और व्यापार क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करना है, बल्कि युवाओं को प्रेरित करना भी है कि वे अपने सपनों को साकार करने का साहस करें।
- कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में कई सेलिब्रिटीज़, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और इंडस्ट्री लीडर्स ने भाग लेंगे। इस अवसर पर मेघा कपूर जैसी इंटरनेशनल सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया, जिन्होंने अपने संघर्ष और हुनर के बलबूते अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम कमाया है।
- "मिलेनियल ब्यूटी एंड बिज़नेस अवॉर्ड शो" हर साल उन व्यक्तित्वों को मंच देता है, जो अपने फील्ड में कुछ नया और प्रेरणादायक कर रहे हैं। यह आयोजन न केवल सौंदर्य और व्यापार का उत्सव था, बल्कि यह एक प्रेरणा बन गया उन सभी के लिए जो सपनों को हकीकत में बदलने का जज़्बा रखते हैं।



## 'मिलेनियल ब्यूटी एन बिज़नेस अवॉर्ड शो-सीज़न 3' का भव्य आयोजन

"Megha's Makeover" के सौजन्य से Millennial Beauty N Business Award Show – Season 3 का आयोजन दिनांक 28 जून 2025 (शनिवार), प्रातः 11:30 बजे, सिम्बायोसिस सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट, वाठोड़ा, नागपुर में एक भव्य समारोह के रूप में किया जा रहा है। यह मंच विशेष रूप से महिलाओं को सौंदर्य, व्यवसाय, सृजनात्मकता एवं उनके समग्र प्रोत्साहन के लिए समर्पित है, जिससे वे समाज में आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की नई मिसाल स्थापित कर सकें। इस मशहूर कार्यक्रम में फेमस कोरियोग्राफर टेरेंस लुईस शिरकत करने वाले हैं, साथ ही मिसेस यूनिवर्स 2022 थर्ड रनर अप, एवंम कारा जो्या प्राइवेट लिमिटेड की फाउंडर, जो्या सिराज शेख, BTP ग्रुप के फाउंडर सिराज शेख प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे.

ज़ोया शेख ने अपने पति सिराज शेख जो की नागपुर के प्रख्यात उद्यमी है, (BTP group founder) है. उनके समर्थन से हौसले से, नागपुर शहर में कई सामाजिक कार्यक्रम और नई पहल शुरू की हैं, जो की बच्चों और महिलाओं के लिए उपयोगी है. उन्होंने उन्हें न सिर्फ प्रेरणा दी है, बल्कि उनके जीवन को सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम भी उठाये हैं. ज़ोया का मानना है की हर महिला और बच्चा अपनी ज़िन्दगी में सफलता और खुशियां पा सकता है, बस उन्हें सही दिशा और सहयोग की ज़रूरत होती है.

## (कारा जोया प्राइवेट लिमिटेड की फाउंडर)

### ज़ोया सिराज शेख का महत्वपूर्ण योगदान

अपने कारा प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले संस्थापिका ज़ोया सिराज शेख, जो खुद एक प्रसिद्ध फैशन इंडस्ट्री की शख्सियत और सामाजिक कार्य में महारत रखने वाली पर्सनालिटी हैं, ज़ोया शेख ने Mrs. Universe 2022 में तीन श्रेष्ठ टाइटल जीत कर अपना और देश का नाम रोशन किया है. **Miss and Mrs Maharashtra beauty pageant, Mrs India supranational & mrs supranational** जैसे बड़े लेवल के ब्यूटी पेजेंट के माध्यम से उन्होंने लोगों के टैलेंट को साकार करने की कोशिश की है. जल्द ही सीजन 3 के माध्यम से इस अवॉर्ड शो को वे लेकर आ रही है.








**सेलिब्रिटी गेस्ट- टेरेंस लेविस**

Main Sponsor. Mr. Siraj Sheikh (Btp Group Founder). Co -Sponsor By 2025. Touch Factor (Saluja Traders). Cosmetic Brands From Uae. Powered By. The Wheels (Car Customs). (Media Parter) Kara News. Bcn News2025. Travel Partner: Btp Travel Point. Supported By -2025: Rv Parekh Jwellers, Itwari. Dwarka Water Park (Mr. Ramani). Henil Soni And Aditi Soni (Diamond Merchant). Dwarkesh. Beauty Day To Day. Karati Diamond. Rehan Ansari (Fashion Choreographer), Lalit. Harode (Supporting Partner), Car Wheels. Venue Partner- Scsd (Symbiosis Centre For Skill Development). मेघा कपूर अमेसर : (International Celebrity Makeup Artist).

**आयोजक: Millennial Beauty N Business Award Show**

मो.: 7028828666 / 8554977322 / 7385547012 / 9552558083.

Email – Meghakapooramesar2@gmail.com

नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# जनता ने सरकार को दिखाया आईना

## > सड़क पर प्रदर्शन- 'अब तो अपना बिल दिखाओ'

**नई दिल्ली.**

राष्ट्रीय राजधानी में निजी स्कूलों की फीस बढ़ोतरी का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। शनिवार को बड़ी संख्या में अभिभावकों ने रेखा गुप्ता सरकार के खिलाफ सड़कों पर मार्च निकाला। इस दौरान अभिभावकों के हाथों में 'सरकार थोड़ा दिल दिखाओ, अब तो अपना बिल दिखाओ', 'बच्चों की दुआएं लेती जा! हर बार तेरी सरकार बने' जैसे स्लोगन लिखीं तख्तियों ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा।

इसपर आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने सीएम रेखा गुप्ता पर बड़ा सियासी हमला बोला है। उन्होंने अभिभावकों का यह वीडियो अपने सोशल मीडिया 'क्ष' अकाउंट पर शेयर करते हुए लिखा "चार इंजन की भाजपा सरकार ने चार महीने में दिल्ली की मिडल क्लास को जून की गर्मी में सड़कों पर ला दिया है। प्राइवेट स्कूल अभिभावक माँग कर रहे हैं -सरकार थोड़ा दिल दिखाओ





**अब तो 'अपना बिल' दिखाओ :**

सौरभ भारद्वाज ने आगे लिखा "इन पेरेंट्स का मानना है की भाजपा सरकार जो आर्डिनेंस (बिल) ला रही है , उससे केवल प्राइवेट स्कूल मालिकों का फायदा होगा । सरकार अपने पल्ला झाड़ लेगी और हर साल फीस बढ़ जाएगी। भाजपा सरकार बनते ही लगभग सभी प्राइवेट स्कूलों ने मनमानी फीस बढ़ा दी है। बार बार सरकार को शिकायत करने के बाद भी अभी तक एक स्कूल की फीस भी वापिस नहीं हुई है । डीपीएस द्वारका पर अभी तक एफआईआर नहीं हुई है। सरकार प्राइवेट स्कूल मालिकों के साथ मिली हुई है।"

दरअसल, अप्रैल महीने में सीएम रेखा गुप्ता ने दिल्ली में निजी स्कूलों की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए एक बिल (एक्ट) लाने की घोषणा की थी। इतना ही नहीं, अप्रैल में रेखा गुप्ता की कैबिनेट ने इस बिल को मंजूरी भी दे दी। उस दौरान कहा गया था कि यह बिल निजी स्कूलों की मनमानी फीस बढ़ोतरी पर अंकुश लगाएगा।

कैबिनेट की मंजूरी के बाद इस बिल को विधानसभा में पेश किया जाना था, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हो सका। इसके बाद आम आदमी पार्टी ने इसे फर्जी घोषणा बताते हुए इसे मुद्दा भी बनाया। अभिभावक भी इसी बिल की मांग करते आ रहे हैं।

**दिल्ली में फिर गरमाया स्कूलों की मनमानी का मुद्दा**

अब दिल्ली में एक बार फिर से निजी स्कूलों की फीस बढ़ोतरी में मनमानी का मुद्दा गरमा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 42 प्रतिशत अभिभावकों का कहना है कि बीते तीन सालों में निजी स्कूलों ने 50 से 80 प्रतिशत तक फीस बढ़ोतरी की है। इसको लेकर पिछले दिनों दिल्ली के सैकड़ों अभिभावकों ने शिक्षा निदेशालय के बाहर प्रदर्शन भी किया। आम आदमी पार्टी का दावा है कि लगातार सरकार के पास भी निजी स्कूलों की शिकायतें पहुंच रही हैं, लेकिन सरकार इस दिशा में उदासीनता अपनाए हुए है।

# मस्जिद और 33 मकानों पर चली कार्रवाई

**लखनऊ.**



संभल जिले के चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के वारिस नगर इलाके में नगर पालिका ने दावा किया था कि उनकी 6 बीघा जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर मस्जिद व 32 से अधिक मकानों का निर्माण किया गया है, जिसके बाद प्रशासन ने जांच शुरू की.

मस्जिद कमेटी व अन्य लोग कोई भी वैध कागजात नहीं दिखा पाए. इस दौरान नगर पालिका प्रशासन ने मस्जिद कमेटी रजा-ए-मस्जिद के लोगों को 15 दिन का नोटिस दिया था जिसमें अवैध कब्जा हटाने की बात कही गई थी. 15 दिन पूरे होने पर प्रशासन की टीम मस्जिद को खुद तोड़ने पहुंची. इस दौरान प्रशासन के साथ-साथ भारी संख्या में फोर्स भी पहुंची थी. फिलहाल स्थानीय लोग व प्रशासन की टीम ने मिलकर मस्जिद को तोड़ने का काम किया.चंदौसी में नगर पालिका की जमीन पर अवैध रूप से बनी मस्जिद और 33 मकानों पर बुलडोजर चलाया गया. इस मस्जिद और मकानों का निर्माण चंदौसी नगर पालिका परिषद की जमीन पर अवैध अतिक्रमण कर बनाया गया था. इस मामले में एसडीएम विनय मिश्रा और सीओ अनुज चौधरी भारी पुलिस फोर्स के साथ बुलडोजर लेकर पहुंचे थे और कार्रवाई की गई. यह कार्रवाई शिकायत मिलने और जांच के बाद की गई. मस्जिद और मकानों को हटाने के लिए पहले ही नोटिस जारी किया गया था. डीएम राजेंद्र पेंसिया ने संभल जिले में सरकारी जमीन पर बने अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं. उन्होंने नगर पालिका की जमीन पर रजा-ए-मुस्तफा मस्जिद सहित 33 मकानों को अवैध घोषित कर बुलडोजर कार्रवाई का आदेश दिया है.

# खतरों के बीच ईरान में नेतृत्व परिवर्तन की तैयारी

**वाशिंगन.**

अमेरिका और इजराइल की ओर से लगातार धमकियों और सुप्रीम लीडर की हत्या की योजना के बीच ईरान की ओर से बड़ी जानकारी दी गई है. ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने अपने संभावित उत्तराधिकारियों के तीन नामों की ऐलान किया है. इनमें उनके बेटे मुजताबा खामनेई का नाम शामिल नहीं है, जिसने चर्चा को बढ़ा दिया है. खामेनेई की उम्र 86 साल है और स्वास्थ्य को देखते हुए उनके उत्तराधिकारी का मुद्दा बहुत पहले से जारी है. इजराइल की ओर से ईरान अधिकारियों और नेताओं की टारगेट किलिंग के बाद अयातुल्ला अली खामेनेई ने अपने सैन्य कमान की श्रृंखला में कई नेताओं की नई नियुक्ति की है.अधिकारियों ने आगे बताया कि एक उल्लेखनीय कदम के तहत अयातुल्ला खामेनेई ने अपने मारे जाने की स्थिति में अपने उत्तराधिकारी के रूप में तीन वरिष्ठ मौलवियों को भी नामित किया है. शायद यह उनके और उनके तीन दशक के शासन के सामने आने वाले संकट का सबसे साफ उदाहरण है.

# करंट की चपेट में आने से तेंदुए और सियार की मौत

**भोपाल.**

मध्य प्रदेश के डिंडोरी जिले के पकरीसोडा गांव में करंट की चपेट में आने से एक तेंदुए और एक सियार की मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है. साथ ही फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड का एक दल भी मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का मुआयना किया. अचानक आए आंधी-तूफान और भारी बारिश के कारण 11 केवी की विद्युत लाइन तार टूटकर खेत में गिर गया, जिसकी चपेट में आकर तेंदुआ और सियार दोनों वन्यजीवों की मौके पर ही मृत्यु हो गई. घटना की जानकारी खेत पहुंचे एक स्थानीय किसान ने वन विभाग को दी. सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र पूर्व करंजिया की टीम ने घटना रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को दी, जिसके बाद आज वन अधिकारी पुनीत सोनकर के नेतृत्व में तत्काल मौके पर पहुंची. साथ ही छत्तीसगढ़ सीमावर्ती क्षेत्र स्थित अचानकमार टाइगर रिजर्व और कान्हा नेशनल पार्क से भी वाइल्ड लाइफ टीम और डॉग स्क्वाड को बुलाया गया है जो घटना की गहनता से जांच कर रहे हैं. वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, शुरुआती जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि



विद्युत तार की चपेट में आने से दोनों जानवरों की करंट लगने से मौत हुई है. क्योंकि जिस स्थान में करंट लगा है, वह स्थान जल गया है. फिलहाल शवों को मौके से हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखा गया है, जहां जिला पशु चिकित्सा अधिकारी डिंडोरी और कान्हा नेशनल पार्क के विशेषज्ञ पशु चिकित्सक पोस्टमार्टम करेंगे. स्थानीय लोगों का कहना है कि छत्तीसगढ़ के टाइगर रिजर्व से तेंदुआ, भालू, हाथी जैसे कई वन्य जीव पानी और खाने की तलाश में इस तरफ आ जाते हैं. इस घटना के बाद वन विभाग द्वारा विद्युत विभाग को भी सूचना दी गई है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो. यह घटना 20 जून की है.

वन अधिकारी पुनीत सोनकर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है. डॉग स्क्वाड को भी मौके पर बुलाया गया है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह केवल करंट की चपेट में आने का मामला है या इसमें कोई अन्य एंगल भी शामिल है.

# पटना की दीवारों पर छाए चुनावी पोस्टर

## > राजद और एनडीए में शुरू हुआ तीखा शब्दयुद्ध

**पटना.**

बिहार चुनावी मोड में आ चुका है। पोस्टर वार शुरू हो गए हैं। एनडीए और इंडिया गठबंधन पोस्टर वार के जरिए एक दूसरे पर हमलावर हैं। राजधानी पटना (पटना) की दीवारें और चौक-चौराहे राजनीतिक कटाक्षों भरी पोस्टरों से अटी पड़ी हैं। पटना में सड़कों पर मेरा बाप चारा चोर है के पोस्टर लगाए गए हैं। इस पोस्टर में तेजस्वी यादव और राजद सुप्रीमो लालू यादव को भैंस पर बैठाया हुआ दिखाया गया है। तेजस्वी इस पोस्टर में राजद का चुनाव चिन्ह लालटेन थामे हुए दिख रहे हैं।

राजद ने पोस्टर वार छेड़ते हुए एनडीए (नेशनल डेमोक्रेटिक अलायन्स) यानी राष्ट्रीय जनतांत्रिक




गठबंधन को नेशनल दामादवादी अलायंस करार दिया है। पोस्टर के जरिए राजद ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी (पीएम मोदी), सीएम नीतीश कुमार, जीतन राम मांझी और चिराग पासवान दामादवाद को बढ़ावा दे रहे हैं।

एक पोस्टर में चिराग पासवान हनुमान की तरह सीना फाड़ते हुए दिखाई पड़ते हैं। चिराग के दिल में पीएम मोदी को दिखाया गया है। विपक्ष ने इस पोस्टर के जरिए तंज कसते हुए कहा कि बिहार फर्स्ट की जगह जीजा जी फर्स्ट है। वहीं, मांझी और अशोक चौधरी को लेकर कहा कि हिम्मत दामाद फर्स्ट, वह भी आरएसएस के कोटे से। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद संजय झा पर तंज कसते कहा गया कि उन्होंने अपने परिवार के लोगों को सुप्रीम कोर्ट के पैनल में एडवोकेट बनवाकर 'परिवारवाद' को बढ़ावा दिया। पोस्टर में लिखा गया कि इन्होंने क्या दिया बिहार को? सब कुछ दिया अपने परिवार को। पीएम मोदी के बिहार दौरे पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने तंज कसते हुए कहा था कि बिहार के लोगों को पॉकेटमार प्रधानमंत्री और अचेत मुख्यमंत्री नहीं चाहिए। उन्होंने पीएम मोदी पर हमला जारी रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को कुछ नहीं आता है। वो टेलीप्रॉम्पटर देखकर अपना भाषण देते हैं। पीएम मोदी से तेजस्वी यादव ने पूछा कि पीएम सिवान आए थे, लेकिन वे ये बताएं कि उन्होंने अभी तक सीवान को क्या दिया? पीएम वही पुराना घिसा-पिटा भाषण देकर चले गए।

# पावर कट से परेशान सीएम सोरेन

## > मंत्रालय में चर्चा के दौरान कटी बिजली

**रायपुर.**

जल-जंगल और प्राकृतिक खनिजों से संपन्न, यूं तो पूरे देश का लगभग 40 फीसदी खनिज झारखंड से ही प्राप्त होता है, जिसमें उन्नत किस्म का कोयला, यूरेनियम शामिल है. लेकिन विडंबना यह है कि सबसे अधिक कोयला उत्पादन करने के बावजूद झारखंड में बिजली का संकट इस कदर हो गया कि आम जनता की बात छोड़िए, राज्य के मुखिया यानी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी पावर कट से परेशान हो गए. दरअसल हुआ भी कुछ ऐसा ही. 20 जून को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ,झारखंड मंत्रालय ( प्रोजेक्ट भवन) में मंत्रीपरिषद की बैठक कर रहे थे. मुख्यमंत्री के अलावा इसमें राज्य के सभी 11 मंत्री शामिल थे, बैठक चल ही रही थी और उसी दौरान एकाएक लाइट कट गई. आश्चर्य की बात है कि जिस झारखंड मंत्रालय में बैठकर मुख्यमंत्री अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ झारखंड के विकास और प्रगति की योजनाओं से संबंधित प्रस्ताव पर मुहर लगा रहे थे, उसी दौरान बिजली कट गई. हालांकि थोड़ी देर के बाद बिजली सेवा बहाल कर दी गई. बिजली कटने से परेशान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जब यह पूछा गया कि राज्य की जनता पावर कट से जूझ रही है इसे लेकर क्या योजना है?



तब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वयं कह दिया कि आज तो जब मैं कैबिनेट की बैठक कर रहा था उसी दौरान मेरे ही कमरे की बिजली गुल हो गई है. उन्होंने अधिकारियों को बिजली की परेशानी दूर करने का निर्देश दिया गया है. बता दें कि चाहे बात राजधानी रांची की हो या झारखंड के अन्य 24 जिलों की, बिजली की आंख मिचौली से आम से लेकर के खास , हर वर्ग त्रस्त है. अब तो यह आलम हो गया कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी बिजली की कटौती से त्रस्त हो गए हैं. बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 20 जून को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 26 प्रस्ताव पर मुहर लगी है. इन प्रस्ताव में रांची विश्वविद्यालय, रांची के अंतर्गत खूंटी जिले में महिला महाविद्यालय, खूंटी के निर्माण कार्य को स्वीकृति दी गई. इसके अलावा, झारखण्ड राज्य हिन्दू धार्मिक न्याय बोर्ड के सुचारू रूप से चलाने के लिए तीन करोड़ की सहायता देने की स्वीकृति दी गई.

# 'शून्य छाया दिवस' पर दिखा अद्भुत नजारा

**उज्जैन.**

इस साल का सबसे अनोखा खगोलीय दृश्य 21 जून को 'शून्य छाया दिवस' के मौके पर देखने को मिला। दोपहर 12.28 मिनट पर सूर्य कर्करेखा पर ठीक लम्बवत् स्थिति में आया, जिसके चलते कुछ समय के लिए खड़ी वस्तुओं की परछाई पूरी तरह से गायब हो गई। इस खगोलीय चमत्कार को देखने के लिए भारत के दिल



कहे जाने वाले मध्य प्रदेश राज्य के उज्जैन के ग्राम डोंगला वेधशाला में सैकड़ों की संख्या में नागरिक, छात्र, खगोल-प्रेमी और पर्यटक इकट्ठे हुए। भारतीय मानक समय के अनुसार, जब सूर्य आकाश में सीधा शीर्ष पर था, उस क्षण खड़ी वस्तुएं जैसे डंडे, स्तंभ या व्यक्ति की परछाई तक नहीं दिखी। लोगों ने यह दृश्य मोबाइल कैमरों और वैज्ञानिक उपकरणों से कैद किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पद्मश्री डा. विष्णु श्रीधर वाकणकर वेधशाला में शंकु यंत्र के माध्यम से शून्य छाया का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने शंकु यंत्र के माध्यम से सभी को छाया अवलोकन के बारे में बताया। सीएम ने खगोल विज्ञान एवं भारतीय परम्परा के महत्व पर छात्रों से संवाद किया। सीएम ने म.प्र. विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिषद की वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला डोंगला के ऑडिटोरियम में खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया। आचार्य वराहमिहिर न्यास एवं अवादा फाउंडेशन द्वारा निर्मित तारामंडल का लोकार्पण एवं तारामंडल में शो का प्रदर्शन किया गया।

# इजराइल के हमले से गुस्से में सोनिया गांधी

**जेरुसलेम.**

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने ईरान और इजराइल के बीच जारी तनाव पर एक लेख लिखा है. उन्होंने ईरान पर इजराइल के हमले की निंदा की है, साथ ही मोदी सरकार के रुख पर चिंता जताई है.

सोनिया गांधी के लेख का शीर्षक है भारत की आवाज को सुनने के लिए अभी भी बहुत देर नहीं हुई है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनके इस लेख को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक्स पर शेयर किया है.

सोनिया गांधी ने लेख में लिखा कि ईरान भारत का पुराना मित्र रहा है और हमेशा से भारत और ईरान के संबंध अच्छे रहे हैं. उन्होंने ईरान और भारत की दोस्ती का उदाहरण देते हुए कहा कि 1994 का जम्मू-कश्मीर मुद्दा सबसे यादगार है. क्योंकि जब संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में भारत के खिलाफ प्रस्ताव लाया गया था, तो उस समय ईरान ने भारत का साथ देकर उस प्रस्ताव को रुकवाने में मदद की थी

सोनिया गांधी ने 7 अक्टूबर 2023 को हमास की तरफ से किए गए इजराइल पर हमले की निंदा की. उन्होंने इजराइल की तरफ से हमास पर की गई जवाबी कार्रवाई को भी भयावह और असंगत बताया.

उन्होंने भारत सरकार से कहा कि इस तरह के भयावह हमले के सामने भारत चुप नहीं रह सकता. उन्होंने बताया कि 55,000 से अधिक



फिलिस्तीनियों की जान जा चुकी है. पूरे घर, परिवार यहां तक कि अस्पताल भी नष्ट हो गए हैं. गाजा अकाल के कगार पर खड़ा है और वहां के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

सोनिया गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने भारत की सांस्कृतिक और पारंपरिक नीति जिसमें दो राष्ट्रों के समाधान की नीति है, उसकी प्रतिबद्धता को त्याग दिया है.

इसमें एक स्वतंत्र फिलिस्तीन की कल्पना की जाती है, जो आपसी सुरक्षा और सम्मान के साथ इजरायल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर रह सके.सोनिया गांधी ने कहा कि इजराइल ने गाजा में तबाही मचा दी थी और अब ईरान पर लगातार हमले कर रहा है.

इस तनाव पर भारत सरकार की चुप्पी यह दर्शाती है कि सरकार हमारे नैतिक और कूटनीतिक परंपराओं से पीछे हट रही है. उन्होंने कहा यह न केवल भारत की आवाज की कमी को दर्शाता है, बल्कि यह भारत के मूल्यों के आत्मसमर्पण भी है.

# छत्तीसगढ़ में 'गजरथ यात्रा' की शुरुआत

## > मानव-हाथी संघर्ष कम करने की दिशा में बड़ा कदम

**रायपुर.**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य में मानव-हाथी द्वंद को कम करने और वन्यजीव संरक्षण के लिए जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शनिवार को 'गजरथ यात्रा' की शुरुआत की.

अधिकारियों ने यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने जशपुर के रणजीता स्टेडियम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 'गजरथ यात्रा' को हरी झंडी दिखाई. उन्होंने बताया कि गजरथ यात्रा छत्तीसगढ़ में मानव-हाथी द्वंद को कम करने और वन्यजीव संरक्षण के लिए जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शुरू की गई है.

अधिकारियों ने बताया कि इस यात्रा के माध्यम से स्कूलों, ग्राम पंचायतों और हाट-बाजारों में पहुंचकर हाथियों के व्यवहार, सुरक्षा उपायों और सह-अस्तित्व का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा. मुख्यमंत्री ने यात्रा को शुरू करते हुए कहा, ''मानव और हाथियों के बीच बढ़ते टकराव को कम करने के लिए सामुदायिक भागीदारी और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है.

'गजरथ यात्रा' इस दिशा में एक सार्थक माध्यम बनेगी, जो लोगों को शिक्षित कर मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने में सहायक होगी. साय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है. उन्होंने राज्य सरकार से संचालित विभिन्न योजनाओं और जागरूकता अभियानों की जानकारी दी, जो सतत विकास और हरित छत्तीसगढ़ के निर्माण में सहायक है.




**गजरथ यात्रा से वन्यजीव संरक्षण की पहल**

अधिकारियों ने बताया कि 'गजरथ यात्रा' राज्य सरकार की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जो सतत विकास, जैव विविधता संरक्षण और स्थानीय समुदायों की सहभागिता के माध्यम से वन्यजीवों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है. उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर वन विभाग से तैयार लघु फिल्म और पुस्तिका का विमोचन भी किया, जिसमें हाथियों से संबंधित सावधानियां, उनके व्यवहार को समझने और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई है. यह सामग्री स्कूली बच्चों, ग्रामीणों और स्थानीय समुदायों में वितरित की जाएगी.



# सुरजागढ़ के विरोध में की गई याचिका खारिज

**गढ़चिरोली :**




बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने जिले में सुरजागढ़ लौह अयस्क खदान की क्षमता बढ़ाने के लिए दी गई पर्यावरणीय मंजूरी के खिलाफ दायर दो जनहित याचिकाओं (पीआईएल) को खारिज कर दिया है। याचिकाओं को 'योग्यताहीन' बताते हुए अदालत ने स्पष्ट किया कि संबंधित परियोजना की पर्यावरणीय प्रक्रियाओं और नियमों का पूरी तरह से पालन किया गया है। रायपुर स्थित खनन ठेकेदार समरजीत चटर्जी द्वारा दायर इन याचिकाओं में केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड को सुरजागड़ खनन परियोजना की क्षमता 3 एमटीपीए से बढ़ाकर 10 एमटीपीए और फिर 26 एमटीपीए करने के लिए दी गई पर्यावरणीय मंजूरी की वैधता को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार ने इस प्रक्रिया में टीओआर (संदर्भ की शर्तें) और ईआईए अधिसूचना 2006 का उल्लंघन किया है। हालांकि, जस्टिस नितिन सांबरे और अभय मंत्री की पीठ ने इन सभी आरोपों को खारिज कर दिया। याचिका में जनसुनवाई परियोजना स्थल से दूर आयोजित किए जाने का मुद्दा उठाया गया है। इस संबंध में न्यायालय ने स्पष्ट किया कि 29 मई 2006 को जारी पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना तथा 1 दिसंबर 2009 की संशोधित अधिसूचना के अनुसार नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण जिला मुख्यालय गढ़चिरौली में जनसुनवाई आयोजित करना अधिक सुरक्षित तथा उचित माना गया है। यह प्रक्रिया एसओपी तथा कानून के दायरे में है। प्रतिवादियों के वकीलों ने न्यायालय को बताया कि याचिकाकर्ता जनसुनवाई में उपस्थित नहीं था तथा याचिकाकर्ता ने दो दशकों में 2005-06 में एक ही स्थान पर आयोजित जनसुनवाई पर कभी आपत्ति नहीं जताई। इसलिए उसकी मंशा संदिग्ध है। न्यायालय ने याचिकाकर्ता की आय का उल्लेख करते हुए स्पष्ट टिप्पणी भी की कि "यह स्पष्ट नहीं है कि याचिकाकर्ता, जिसकी वार्षिक आय 4-5 लाख है, इतनी बड़ी याचिका के लिए व्यय का साधन कहां से लाया।"

इस मामले में न्यायालय ने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार ने पर्यावरण मंजूरी देते समय सभी कानूनी प्रावधानों का पालन किया है और पुलिस विभाग की सिफारिश के अनुसार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जन सुनवाई करने से परहेज किया है। हालांकि, स्थानीय लोगों को परियोजना पर अपने विचार व्यक्त करने का पर्याप्त अवसर दिया गया। इसके अलावा, लॉयड्स मेटल्स ने परियोजना के माध्यम से हजारों स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान किया है और स्वास्थ्य और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस परियोजना के कारण राज्य के राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस पृष्ठभूमि में, पीठ ने दोनों जनहित याचिकाओं को 'बिना योग्यता' के खारिज कर दिया। न्यायालय ने अप्रत्यक्ष रूप से चेतावनी भी दी कि ऐसी याचिकाओं का उद्योगों की प्रगति में बाधा डालने के लिए दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

# 'योगः कर्मसु कौशलम्' : योग का अर्थ है प्रत्येक कार्य में कुशलता

**> जिले के लोगों को विधायक डॉ. मिलिंद नरोटे का संदेश**

**गढ़चिरोली.**



विश्व योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी गढ़चिरौली शहर की ओर से कैंप एरिया के हनुमान मंदिर प्रांगण में भव्य योग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ. मिलिंद नरोटे थे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। उसके बाद कुशल योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योग आसन, प्राणायाम और ध्यान सत्र आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिक, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और योग प्रेमी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

इस कार्यक्रम के माध्यम से विधायक डॉ. मिलिंद नरोटे ने जिले के लोगों को योग के महत्व को समझाते हुए एक प्रेरक संदेश दिया। उन्होंने भगवद गीता के श्लोक "योगः कर्मसु कौशलम्" - योग का अर्थ है हर कार्य में कुशलता का उल्लेख करते हुए कहा, "योग केवल शरीर को मजबूत करने का तरीका नहीं है, बल्कि मन, आत्मा और जीवनशैली को संतुलित करने का एक प्रभावी उपाय है। अगर योग को नियमित रूप से अपने दैनिक जीवन में शामिल किया जाए तो तनाव मुक्त, स्वस्थ और सकारात्मक जीवन संभव है।" उन्होंने आगे कहा, "योग मन की शांति, आत्मविश्वास और ऊर्जा देता है। व्यस्त जीवनशैली में योग करने में बिताया गया थोड़ा सा समय जीवन के प्रति पूरे दृष्टिकोण को बदल सकता है। इसलिए, प्रत्येक नागरिक को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए," उन्होंने जिले के लोगों से अपील भी की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद डॉ. अशोक नेते, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश बारसागड़े, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रशांत वाघरे, पूर्व विधायक डॉ. नामदेव उसेंडी, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूरावजी कोहले, किसान मोर्चा प्रदेश सचिव रमेश भुरसे, आदिवासी अघाड़ी जिला प्रमुख डॉ. नितिन कोदावते, डॉ. चंदा कोदावते, संयोजक प्रमोद पिपरे, जिला उपाध्यक्ष डॉ. भरत खाती, जिला महासचिव प्रकाश गेडाम, जिला महासचिव गोविंद सारदा, जिला महासचिव उपस्थित थे. योगिता पिपरे, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनिल पोहनकर, भाजयुमो के जिला अध्यक्ष अनिल तिडके, कामगढ़ अघाड़ी के प्रदेश सचिव गोवर्धन चव्हाण, शहर अध्यक्ष अनिल कुंगाडकर, कामगढ़ अघाड़ी के जिला अध्यक्ष सुधाकर पेटकर, वर्षा शेडमाके, अलका पोहनकर, सिमा कन्नमवार, अर्चना चन्नावर, सचिनभाऊ तंगडपल्लीवार, अविनाश महाजन, विनोद देवोजवार, श्याम वधाई, मधुकर भांडेकर, हर्षल गेडाम, गुड्डु सरदार, प्रो. उराडे सर, नरेश हजारे, राजू शेरकी, केशव निम्बोद सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता, नागरिक भाई-बहन बड़ी संख्या में योग दिवस पर उपस्थित थे।

# छात्रों के लाभ के लिए गतिविधियों का क्रियान्वयन : पुलकित सिंह

**> मनरेगा मजदूरों की मजदूरी का भुगतान समय पर करें**

**> पोभुर्णा तालुका में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण**

**चंद्रपुर.**



चंद्रपुर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने हाल ही में पोम्भुर्णा तालुका का दौरा किया और विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साइंस पार्क का निरीक्षण किया। साइंस पार्क का निरीक्षण करते हुए उन्हें हर गांव में छात्रों के लाभ के लिए गतिविधियों को लागू करने के निर्देश दिए गए।

पोम्भुर्णा तालुका में विभिन्न विकास कार्यों के दौरे के दौरान

ग्राम पंचायत अंबेधनोरा के भ्रमण के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत क्षेत्र में आदिवासी विभाग से प्राप्त पाठ्य पुस्तकों के साथ ही पुस्तकालय का निरीक्षण किया। उन्होंने आदिवासी विभाग से प्राप्त पाठ्य पुस्तकों का उपयोग करने के निर्देश दिए।

उन्होंने क्षेत्र में विज्ञान उद्यान का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों को लाभ पहुंचाने वाली गतिविधियों को क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने स्मार्ट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उमरी पोतदार का भ्रमण किया और उपयंत्री को तत्काल कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान उन्होंने एम.एन. रे.गा. में नहर गहरीकरण कार्य के निरीक्षण के दौरान सभी मजदूरों से चर्चा की। चर्चा के दौरान उन्होंने मजदूरों की मजदूरी समय पर मिलने पर चर्चा की और रोजगार सेवक, ग्राम पंचायत अधिकारी और गट विकास अधिकारी से लंबित मजदूरी के बारे में जाना। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि उनके स्तर पर कोई मजदूरी लंबित नहीं है। एम.एन. रे.गा. अप्रैल और मई माह में कुछ ग्राम पंचायतों में मजदूरों की उपस्थिति कम होने से विकास कार्यों की प्रगति धीमी नहीं होने दी जाएगी और मजदूरों की उपस्थिति बढ़ाने और कार्य की प्रगति प्राप्त करने के लिए गट विकास अधिकारियों को रोजगार सेवक और ग्राम पंचायत अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत चिंतलढाबा का दौरा किया तथा 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत पेवर ब्लॉक ओपन जिम के सौंदर्यीकरण के लिए शिलान्यास पूजन किया। यहां वृक्षारोपण के निरीक्षण के दौरान उन्होंने शेष स्थान को समतल करने तथा वृक्षों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने सोनापुर आष्टा में विकास कार्यों का निरीक्षण किया। भ्रमण के अंतिम चरण में ग्राम पंचायत देवड़ा बुज में जिला परिषद उच्च प्राथमिक विद्यालय में नवनिर्मित विज्ञान उद्यान का उद्घाटन किया गया तथा गटशिक्षा अधिकारी को सभी प्राचार्यों को नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत के साथ-साथ गतिविधियों के निर्देश देने के निर्देश दिए। उन्हें सभी तालुका अधिकारियों को स्कूल का पहला दिन मनाने के लिए कार्यक्रम निर्धारित करने तथा उसके अनुसार कार्रवाई रिपोर्ट प्राप्त करने के निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुलकित सिंह ने ग्राम पंचायत अधिकारी से नए घर-परिवार सर्वेक्षण की जानकारी प्राप्त कर परिवार के आकार के अनुसार सर्वेक्षण पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पंचायत समिति पोंभूर्णा के गटविकास अधिकारी विवेक बेलवार तथा पंचायत समिति स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# लॉयड मेटल ने सोत्साह मनाया 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस...



**कोनसरी :** लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड (एलएमईएल) ने शनिवार को महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में सुरजागढ़ लौह अयस्क खदान और कोनसरी परियोजना में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सोत्साह मनाया और वैश्विक उपक्रम में अपनी सहभागिता दर्शायी। दोनों स्थानों पर कुल मिलकर ५०० से अधिक लोग उत्साह से कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए।

सुबह से ही माहौल में उत्साह था। सुरजागढ़ लौह अयस्क खदान में सामूहिक योग सत्र में अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिकों और आस-पास के गांवों के निवासियों ने भाग लिया। कोनसरी परियोजना में एलएमईएल ने योग सत्र का आयोजन किया, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिकों और ग्रामीणों समेत बच्चोंने भी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को दिए गए अपने संदेश में एलएमईएल के प्रबंध निदेशक श्री बी. प्रभाकरन ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के महत्व और इस वर्ष की थीम 'योग के साथ एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'योग भारत की ओर से दुनिया को दी गयी अमूल्य भेंट है। एलएमईएल को आज इस वैश्विक कार्यक्रम में भाग लेने पर गर्व है।

कर्मचारियों और स्थानीय समुदायों को स्वस्थ रखने में मदद करने वाली योग समेत अन्य गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की अपनी प्रतिबद्धता एलएमईएल दोहराता है।' अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह के दौरान सभी प्रतिभागियों को अल्पाहार तथा कैप वितरित की गईं।

# योग के माध्यम से होता है मनुष्य का शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक सामंजस्य : पालक मंत्री डॉ. उइके

**चंद्रपुर.**

व्यस्त और तनावपूर्ण जीवनशैली के कारण आज बहुत से लोग विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हैं। अगर हमें इससे उबरना है और स्वस्थ और बेहतर जीवन जीना है, तो हमें अपने दैनिक जीवन में योग करना जरूरी है। यह सिर्फ एक व्यायाम नहीं है, बल्कि योग मनुष्य के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक सामंजस्य को प्राप्त करने में मदद करता है, ऐसा राज्य के आदिवासी विकास मंत्री और चंद्रपुर जिले के पालकमंत्री डॉ. अशोक उइके ने कहा।

वे जिला प्रशासन, जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय, मेरा युवा भारत तथा शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जिला क्रीड़ा संकुल में आयोजित मुख्य शासकीय योग दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर विधायक किशोर जोरगेवार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुलकित सिंह, अपर जिलाधिकारी नितिन व्यवहारे, उपविभागीय अधिकारी संजय पवार, तहसीलदार विजय पवार, जिला क्रीड़ा अधिकारी अविनाश पुंड, प्रकल्प अधिकारी विकास राहेलवार, शिक्षा अधिकारी राजेश पटले, अश्विनी सोनावणे, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी मीना सालुंके, सुभाष कासनगोट्टूवार आदि उपस्थित थे। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र ने योग के महत्व को पहचाना और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव पारित किया। पिछले 11 वर्षों से दुनिया के 177 देशों में योग दिवस मनाया जा रहा है। 2025 के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' है। जिला प्रशासन ने पतंजलि योग समिति और विभिन्न संगठनों के माध्यम से एक अच्छा कार्यक्रम आयोजित किया है। अगले साल से सभी को एक साथ आकर सरकारी योग दिवस मनाना चाहिए। चंद्रपुर में योग संगम देखना जरूरी है। पालकमंत्री डॉ. उइके ने यह भी निर्देश दिए कि अगला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े स्वरूप में और खुले मैदान में आयोजित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत में गणमान्यों ने दीप प्रज्वलित कर खशाबा जाधव की प्रतिमा का पूजन किया। इस अवसर पर योग शिक्षिका वैजंती गौरकर और कविता मंगानी ने उपस्थित लोगों को योग का प्रदर्शन कराया। कार्यक्रम का संचालन मंगला घोगी आसुतकर ने किया। कार्यक्रम में क्रीड़ा अधिकारी मनोज पंधनम, मोरेश्वर गायकवाड़, विजय ढोबले सहित पतंजलि योग समिति के अन्य सदस्य और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# बहुजन समाज पार्टी की विशाल कार्यकर्ता रैली कल

**प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला अध्यक्ष रत्नाकर साठे ने दी जानकारी**

**चंद्रपुर.**




जिला अध्यक्ष रत्नाकर साठे ने पत्रकार वार्ता में बताया कि बहुजन समाज पार्टी द्वारा आरक्षण के जनक राजश्री छत्रपति शाहू महाराज की जयंती के अवसर पर 23 जून को चंद्रपुर के जयंत टॉकीज के पास स्थित स्थानीय राजीव गांधी सभागृह में प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक जिला स्तरीय भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है।इसमें अधिक से अधिक नागरिकों से शामिल होने की अपील की गई है। इस समागम का उद्देश्य बहुजन समाज को मजबूत करना है, बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता पिछले कई दिनों से कैडर कैंप के माध्यम से जिले में सामाजिक परिवर्तन के लिए काम कर रहे हैं, जिसके तहत एक विशाल जिला स्तरीय कार्यकर्ता समागम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष और मुख्य मार्गदर्शक राष्ट्रीय और महाराष्ट्र राज्य प्रभारी एडवोकेट राजाराम, मार्गदर्शक एडवोकेट सुनील डोंगरे, महाराष्ट्र राज्य अध्यक्ष भी मौजूद रहेंगे। सभी जिला विधानसभा पदाधिकारियों ने इस कार्यकर्ता सम्मेलन के लिए काम शुरू कर दिया है और इस सम्मेलन में स्थानीय स्वशासन निकायों के चुनावों पर चर्चा की जाएगी। बताया गया कि कार्यक्रम की शुरुआत जागृति जत्था के कार्यक्रम से होगी।

इस कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं मार्गदर्शक राजाराम तथा प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट सुनील डोंगरे डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की पूर्णायु प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देंगे तथा कार्यक्रम स्थल तक पदयात्रा करेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महेंद्र मकेश्वर (जिला प्रभारी), सुभाष पेटकर (जिला महासचिव), धर्मेश निकोसे, प्रो. राजेश ब्राह्मणे, नंदू खोबरागड़े, मिलिंद शेंडे, रामराव नन्नावरे, पांडुरंग तुमाराम (सभी जिला प्रभारी), अलका शिंदे के साथ सभी विधानसभा क्षेत्रों के पदाधिकारी, सेक्टर बूथ अधिकारी, जिला महिला मोर्चा, चंद्रपुर शहर मोर्चा, शहर महिला मोर्चा काम कर रहे हैं। साठे ने बहुजन समाज पार्टी जिला चंद्रपुर के सभी कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों और समर्थकों से इस बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला अध्यक्ष रत्नाकर साठे, जिला उपाध्यक्ष प्रो. लाडे, संगठन सचिव संतोष साखरकर, सचिव संजय मेश्राम, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष अलका शिंदे व अन्य उपस्थित थे.



# सीएम-डिप्टी सीएम ने 'योग' से दिया संदेश

## >'योग से स्वस्थ है भारत' फडणवीस



**मुंबई.**

शनिवार को पूरे देशभर में 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे जोश के साथ मनाया गया. इस अवसर पर देश के स्कूल, पार्क, सार्वजनिक मंच समेत डेढ़ लाख से अधिक स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए. हर राज्य, हर शहर और हर वर्ग के लोगों ने तन-मन-आत्मा को संतुलित करने वाली इस प्राचीन भारतीय परंपरा में भाग लिया।
महाराष्ट्र में भी योग दिवस को लेकर व्यापक तैयारियां की गई और सरकार की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें हजारों लोगों ने उत्साह से हिस्सा लिया. पुणे में 'भक्तीयोग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विशेष रूप से भाग लिया. फडणवीस ने इस अवसर पर ट्वीट करते हुए लिखा 'एक पृथ्वी, एक आरोग्य- त्यासाठी योग!'
उन्होंने योग और वारकरी परंपरा के संगम को अनूठा बताया. उन्होंने कहा कि योग केवल आसन नहीं बल्कि यह हमारी वहीं मुंबई में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 'योगा बाय द बे' कार्यक्रम में भाग लेकर मुंबई वासियों को योग के प्रति प्रेरित किया. यह कार्यक्रम, योगा इंस्टीट्यूट, इंडियन कोस्ट गार्ड और शिवसेना प्रवक्ता शायना एनसी के संयुक्त प्रयासों से आयोजित किया गया. मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से अब योग पूरे विश्व में लोकप्रिय हो गया है. उन्होंने युवाओं को व्यसनों से दूर रहकर योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया. इस कार्यक्रम में सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे, मिकी मेहता और अन्य योग शिक्षकों की उपस्थिति रही. अजित पवार ने भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं

डिप्टी सीएम अजित पवार ने भी योग दिवस पर अपनी शुभकामनाएं दीं. उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, "योग एक मानसिकता है जो व्यक्तिगत कल्याण और ग्रह के स्वास्थ्य दोनों को पोषित करती है. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर, आइए हम योग को आंतरिक संतुलन के मार्ग के रूप में अपनाएं और प्रत्येक सचेत कार्य और विकल्प के साथ ग्रह का समर्थन करें.

### योग संस्कृति और आरोग्य का संगम

संस्कृति, जीवनशैली और मानसिक व शारीरिक आरोग्य का आधार है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संयुक्त राष्ट्र में योग दिवस का प्रस्ताव लाना एक ऐतिहासिक पहल थी, जिसे वैश्विक समर्थन मिला. इस कार्यक्रम में पुणे यूनिवर्सिटी और 700 से अधिक कॉलेजों के विद्यार्थियों ने भाग लिया. फडणवीस ने पुणे को वारी में नया 'रिंगण' देने के लिए भी सराहा.

# 'मंत्रियों की अघोरी पूजा' उद्धव गुट का आरोप



**मुंबई.**


राज्य की राजनीति में आज कल अंधविश्वास और टिकटों की चर्चा जोरों पर है. शिवसेना के मुखपत्र सामना में छपे संपादकीय 'घातियों के टोटके!' ने उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके गुट के मंत्री भरत गोगावले पर तीखा हमला किया है. संपादकीय में हाल ही में वायरल हुई गोगावले की अघोरी पूजा करते हुए एक फोटो का हवाला देते हुए कहा गया कि प्रगतिशील महाराष्ट्र को अब श्मशान और खोपड़ियों के बीच झोंका जा रहा है.
इस फोटो में मंत्री को लगभग नग्न अवस्था में मानव खोपड़ियों, नींबू-मिर्च और हड्डियों के बीच अघोरी बाबा के सामने बैठा दिखाती है, जो पूरे राज्य में चर्चा का विषय बनी हुई है. संपादकीय में उद्धव ठाकरे के बयानों पर ध्यान देते हुए लिखा गया है कि शिवसेना और ठाकरे ब्रांड को मिटाने का सपना भी शिंदे गुट नहीं देख सकता. ठाकरे ने बताया कि जो लोग उन्हें खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं, वे खुद अपनी हार की ओर बढ़ रहे हैं. शिंदे द्वारा "मरे हुए को मारने से क्या मिलेगा?"
जैसे बयानों को मानसिक कुंठा का प्रतीक बताते हुए सामना ने लिखा कि शिंदे गुट की हालत अब मृतप्राय हो चुकी है, और उनके नेता रात के अंधेरे में दिल्ली जाकर फडणवीस और अमित शाह से फरियाद करते हैं. तीसरे पैराग्राफ में सामना ने शिंदे गुट पर तीखे शब्दों में हमला करते हुए कहा कि अमित शाह ने पार्टी का चिह्न चुराकर शिंदे को दिया और अब वही शाह महाराष्ट्र के 'दुश्मन नंबर एक' हैं. संपादकीय में यह भी आरोप लगाया गया कि शाह, फडणवीस और अन्य बड़े उद्योगपतियों की साजिश है कि मराठी मानुष को धारावी समेत मुंबई से बाहर किया जाए और वहां व्यापारिक राज कायम किया जाए. इस 'मेगा डील' में शिंदे को केवल एक दलाल की भूमिका में बताया गया है. अंतिम पैराग्राफ में सामना ने शिंदे पर सीधे निशाना साधते हुए कहा कि उनके पास न अपनी पार्टी है, न अपना नेतृत्व और न ही विचारधारा.
संपादक में लिखा, "पहली दफा महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में नींबू, मिर्च, पिन और खोपड़ी को महत्व मिलने लगा है. यह शिंदे की उपलब्धि है. उसी शिंदे ने एक बार फिर बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना को गाड़ने की बात कही है. वे उन्हीं को दफनाने की बात करते हैं जिनका नमक खाकर वे इस पद पर पहुंचे हैं. यह पतन के निम्नतम स्तर पर पहुंचने का उदाहरण है. शिंदे के पास अपना कुछ भी नहीं है. चुराई हुई पार्टी, चुराया हुआ बाप, यहां तक कि अमित शाह का नेतृत्व भी किराए का है, राजनीति में लाया गया पैसा भी चोरी का है. वे ऐसा नहीं सोचते इसलिए खुद बेईमानी को प्रतिष्ठित करने के लिए अघोरी नाच होगा ही. उन्हें ऐसा करते रहना चाहिए.

# मुंबई लोकल में ऑटोमैटिक दरवाजों का सुझाव



**मुंबई.** बॉम्बे हाई कोर्ट ने मुंबई लोकल ट्रेनों से गिरकर यात्रियों की हो रही मौतों को चिंताजनक करार दिया है. साथ ही कोर्ट ने रेलवे को सुझाव दिया कि वह लोकल ट्रेनों में ऑटोमेटिक बंद होने वाले दरवाजे लगाने पर विचार करे. ये दरवाजे फिलहाल मुंबई की एसी लोकल में लगाए गए हैं, जिससे एसी लोकल में ट्रेन से गिरकर मरने की घटनाएं नहीं हो रही है. हाई कोर्ट ने मुंबई की सभी लोकल ट्रेनों में ऑटोमेटिक दरवाजे लगाने को लेकर रेलवे और सरकार से जवाब मांगा है.
अदालत का यह बयान उन लगातार हो रही घटनाओं के संदर्भ में आया, जिनमें यात्री चलते ट्रेनों से गिरकर अपनी जान गंवा रहे हैं.
मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार अराध्ये और जस्टिस संदीप मार्ने की डबल बेंच पीठ एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जो लोकल ट्रेनों में बढ़ती भीड़ और सुरक्षा की कमी के चलते हो रही मौतों को लेकर दायर की गई. सुनवाई के दौरान कोर्ट ने 9 जून की एक दर्दनाक घटना का जिक्र किया, जिसमें ठाणे जिले के मुंब्रा के पास चलती लोकल ट्रेन से 13 यात्री गिर गए थे, जिसमें 4 की मौत और 9 लोग घायल हो गए थे.
मुंबई में रोजाना भारी संख्या में लोग लोकल ट्रेन से सफर करते हैं. मुंबई के तीनों मार्ग पश्चिम, मध्य और हार्बर रेलवे मार्ग पर लोकल ट्रेन चलती हैं. इसमें मुंबई, पालघर, ठाणे और रायगढ़ जिले शामिल हैं.वहीं, मुंबई की नॉन ऐसी ट्रेन का किराया बेहद सस्ता होता है. यही वजह है भारी संख्या में लोग मुंबई कि नॉन एसी लोकल ट्रेन में सफर करते हैं. नॉन एसी में सफर करने वाले लोगों का कहना है कि हम इसी में सफर करते हैं लेकिन जब भीड़ ज्यादा हो जाती है तो धक्का-मुक्की होती है. इससे लोग ट्रैक पर गिर जाते हैं. कई बार उनकी मौत भी जाती है.

# बुजुर्ग दंपत्ति को 20 रुपये में मंगलसूत्र क्यों दिया?



**छत्रपति संभाजीनगर.** महाराष्ट्र के एक ज्वैलर ने एक बुजुर्ग दंपति को करीब 3,000 रुपये का मंगलसूत्र मात्र 20 रुपये में उपहार में दिया जिसकी सोशल मीडिया पर खूब तारीफ हो रही है। इस संबंध में गोपिका ज्वैलर्स के मालिक नीलेश खिवंसरा का बयान सामने आया है। उन्होंने बताया कि वे स्वाभिमानी लोग थे। उन्हें मुफ्त में कुछ नहीं चाहिए था और वे पैसे देने पर जोर दे रहे थे.उन्होंने कहा कि बुजुर्ग दंपति आभूषणों की तलाश में सबसे पहले उनकी पहली ब्रांच में गए। उन्होंने कुछ देर तक आभूषणों को देखा और बिना खरीदे ही चले गए। इसके बाद ये लोग तीन अन्य दुकानों पर भी गए। इसके बाद वे छत्रपति संभाजीनगर में उनकी दूसरी ब्रांच में आए। कर्मचारियों ने 93 वर्षीय बुजुर्ग के चेहरे को देखकर गलती से समझा कि वे कुछ आर्थिक मदद मांग रहे हैं, लेकिन जब उन्होंने अपनी पत्नी के लिए मंगलसूत्र खरीदने की इच्छा जताई तो फिर उन्हें हमने मंगलसूत्र दिया। ज्वैलरी शॉप के मालिक खिवंसरा ने कहा कि इस दंपति ने इसे मुफ़्त में लेने से मना कर दिया और इसके बदले में पैसे दिए। उन्होंने बताया बुजुर्ग दंपति ने पहले मुझे 1,100 रुपये और फिर कुछ खुले सिक्के दिए। महिला ने अपने बैग से 10 और 20 रुपये के कुछ नोट भी निकाले। मैंने कुछ भी लेने से मना कर दिया, लेकिन वे पैसे देने पर अड़े रहे। आखिरकार, उन्होंने आशीर्वाद के तौर पर पति-पत्नी दोनों से 10-10 रुपये ले लिए और करीब 3,000 रुपये की कीमत का एक ग्राम सोने का पानी चढ़ा हुआ मंगलसूत्र उन्हें सौंप दिया। उन्होंने कहा, मैंने आशीर्वाद के तौर पर उनसे सिर्फ 20 रुपये लिए और दंपत्ति को मंगलसूत्र सौंप दिया क्योंकि मैं उनके इस व्यवहार से अभिभूत था।उन्होंने यह भी बताया कि दंपत्ति ने अपना घर छोड़ दिया है क्योंकि उनका इकलौता बेटा कथित तौर पर शराबी है। वे सड़कों पर जी रहे हैं और अक्सर लोगों की सद्भावना पर निर्भर रहते हैं। राज्य के जालना जिले के अंभोरा जहांगीर गांव के एक साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले निवृत्ति शिंदे और उनकी पत्नी शांताबाई फिलहाल आषाढ़ी एकादशी मनाने के लिए पंढरपुर की पैदल यात्रा पर हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह जोड़ा हमेशा साथ-साथ यात्रा करता था और इस उम्र में भी एक-दूसरे का साथ देता था।

## संपत्ति विवाद में सौतेले भाई की हत्या

**पुणे.** राज्य के जिले के जिले के एक गांव में सौतेले भाई की हत्या करने के आरोप में 25 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है.
इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को पुलिस ने फैजल मोहम्मद गौरी अंसारी (29) की हत्या करने और उसके शव को नलिम्बी गांव में फेंकने के आरोप में सलमान मोहम्मद गौरी अंसारी (25) को गिरफ्तार किया गया है. जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. डीएस स्वामी ने बताया कि 29 मई को गांव के जंगली इलाके में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था.

## वाटर पार्क में झूला टूटा, एक की मौत


**सोलापुर.**

जिले के सयाजीराजे वाटर पार्क में एक हादसा हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत भी हो गई। दरअसल, यहां घूमने वाले झूले पर लोग सवार होकर झूले का आनंद ले रहे थे। इसी बीच एक झूला टूट गया, जिस पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद तीनों घायलों को आनन-फानन में अस्पताल लेकर जाया गया। यहां अस्पताल जाते-जाते एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।यहां अस्पताल पहुंचते-पहुंचते एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके अलावा दो अन्य घायलों का इलाज किया जा रहा है।
मृतक की पहचान भिगवण के रहने वाले तुषार धुमाल नामक व्यापारी के रूप में हुई है। तुषार धुमाल की मौत के बाद परिवार में मातम का माहौल है। वहीं हादसे में घायल हुए अन्य दो लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है। झूले में हुए इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि दो अन्य घायल हैं। घायलों में से एक की गर्दन में फ्रैक्चर हुआ है, जबकि झूले में बैठा तीसरा व्यक्ति केवल घबरा गया था और उसे मामूली चोटें आई हैं। दरअसल, जिले के अकलुज स्थित सयाजीराजे वाटर पार्क में एक दर्दनाक हादसा हो गया।

## आदित्य ठाकरे का बीजेपी पर निशाना

# 'भाषा थोपी गई तो विरोध होगा'

**मुंबई.**



राज्य में हिंदी भाषा को तीसरी अनिवार्य भाषा बनाए जाने को लेकर मचे सियासी घमासान के बीच शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता आदित्य ठाकरे ने बीजेपी पर करारा हमला बोला है. सोशल मीडिया पर किए एक पोस्ट में उन्होंने न सिर्फ भाषा थोपे जाने का विरोध किया, बल्कि मराठी संस्कृति को दबाने के कथित प्रयासों को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए हैं. आदित्य ठाकरे ने लिखा, हमें किसी भी भाषा से विरोध नहीं है, लेकिन जब किसी भाषा को जबरन थोपा जाता है, तब उसका विरोध जरूरी है.
मराठी माणूस आज सड़कों पर आक्रोशित है, आंदोलन कर रहा है तो क्या हम समझ पा रहे हैं कि मराठी-विरोधी बीजेपी क्या खेल खेल रही है? उन्होंने गिरगांव चौपाटी पर पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे द्वारा शुरू किए गए. 'मराठी रंगभूमि दालन' को चुपचाप रद्द किए जाने और मराठी भाषा भवन के महत्व को घटाने के प्रयासों की भी आलोचना की. आदित्य ने सवाल उठाते हुए कहा कि बीजेपी ये सब क्यों कर रही है? स्थानीय लोगों ने तो विरोध नहीं किया, तो क्या स्थानीय बीजेपी विधायक ने मराठी संस्कृति का विरोध किया? या फिर यह किसी बिल्डर मित्र को जमीन देने की तैयारी है? इस मुद्दे पर राज ठाकरे ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि हम हिन्दू हैं, हिंदी नहीं और महाराष्ट्र में सिर्फ मराठी और अंग्रेजी पढ़ाई जानी चाहिए.
उन्होंने महाराष्ट्र के नागरिकों से अपील की कि वे बीजेपी की 'महाराष्ट्र-विरोधी रणनीति' को समय रहते पहचानें. महाराष्ट्र में तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को लेकर मचे राजनीतिक घमासान के बीच मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 18 जून को स्पष्ट किया कि हिंदी सीखना बाध्यकारी नहीं है. उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत कोई भी भारतीय भाषा तीसरी भाषा के रूप में चुनी जा सकती है. सीएम ने कहा कि भारत की सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक को सीखने में क्या बुराई है?
उन्होंने स्पष्ट किया कि हिंदी को प्राथमिकता देने का कारण यह है कि राज्य में हिंदी शिक्षकों की उपलब्धता अधिक है. फडणवीस ने जोर देकर कहा कि हम अंग्रेजी को बढ़ावा दे रहे हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि भारतीय भाषाओं को नजरअंदाज किया जाए. मराठी तो हमारी मातृभाषा है और रहेगी, लेकिन छात्रों को अन्य भारतीय भाषाओं का भी ज्ञान होना चाहिए.

### शिक्षा नीति पर भी निशाना

महाराष्ट्र सरकार ने कक्षा 1 से 5 तक मराठी और अंग्रेजी के साथ तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अनिवार्य करने की योजना बनाई थी, जिसे लेकर राज्य में भारी विरोध हुआ. इसके बाद सरकार ने एक संशोधित जीआर जारी कर यह स्पष्ट किया कि छात्र तीसरी भाषा के तौर पर कोई भी भारतीय भाषा चुन सकते हैं, लेकिन विरोध करने वालों का आरोप है कि यह केवल दिखावा है.

# घाटकोपर स्काईवॉक पर मिला मृत कांस्टेबल

**मुंबई.** मुंबई के घाटकोपर स्काईवॉक पर एक पुलिस कॉन्स्टेबल की लाश मिलने के बाद से हड़कंप मच गया है। दरअसल घाटकोपर रेलवे स्टेशन स्काईवॉक पर गुरुवार की दोपहर एक व्यक्ति का शव मिला। बाद में जांच के दौरान मृतक की पहचान पुलिस कॉन्स्टेबल विलास राजे के रूप में हुई। इस घटना के सामने आने के बाद पंतनगर पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे उन्हें सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के पास स्काईवॉक पर एक व्यक्ति गंभीर हालत में पड़ा है। पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को घाटकोपर के राजावाड़ी अस्पताल पहुंचाया।
हालांकि, डॉक्टरों ने इलाज शुरू होने से पहले ही उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद पंतनगर पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर मृतक की पहचान का पता लगाना शुरू कर दिया। जांच के दौरान पता चला कि विलास राजे 11 जून से अपने घर से लापता हुए थे। वह मुंबई पुलिस के तहत नायगांव में सशस्त्र पुलिस डिवीजन में कार्यरत थे। विलास राजे अपने परिवार के साथ घाटकोपर के जवाहर पुलिस लाइन में रहते थे। उनके परिवार से संपर्क करने पर पुलिस को पता चला कि राजे कई सालों से शराब की लत से जूझ रहे थे और अक्सर कई दिनों के लिए घर से बाहर चले जाते थे।

**महसुल व वनविभाग**
**कोर्ट विद्यमान तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर शहर, यांचे कार्यालय.**
(आकाशवाणी चौक, सिव्हील लाईन, नागपूर पिन कोड- ४४०००१) तालुका- नागपूर शहर, जिल्हा नागपूर.
Email ID: tahsildarngpcity@gamil.com दुरध्वनी क्र.०७१२-२५६११७५
प्र.क्र. १२/प्रस्तु-३/तह.नाग (शहर)/कावि २२७/२०२५
दिनांक १६/०५/२०२५
वाचा : १) सार्वजनिक आरोग्य विभाग यांचे शासन निर्णय दिनांक १२ मार्च २०२५ नुसार, २) मा.उप सचिव, महसूल व वन विभाग, मंत्रालय, मुंबई यांचे कडील पत्र क्र. ०३/ई-१ अ.दि. १७/०३/२०२५, ३) मा. जिल्हाधिकारी, नागपूर यांचे कडील पत्र क्र. अका/डी-१/जन्म-मृत्यू आदेश/ कावि- १०४/२०२५ दिनांक १७/०३/२०२५, ४) अर्जदार **श्री अमीत भाऊरावजी वरूडकर,** वय ४६ वर्षे, राह. प्लॉट नं. १८५, एम.एस.ई.बी. ऑफिस साईबाबा नगर, खरबी नागपूर यांचा अर्ज दिनांक २२/०४/२०२५.
**जाहीरनामा**
ज्याअर्थी अर्जदार **श्री अमीत भाऊरावजी वरूडकर,** वय ४६ वर्षे, राह. प्लॉट नं. १८५, एम.एस.ई.बी. ऑफिस साईबाबा नगर, खरबी नागपूर यांनी **आई** यांच्या **मृत्यू** तारखेची नोंद महानगर पालिका दप्तरी घेणेकरिता निर्देशित करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.
सदर्हू **मनोरमा भाऊरावजी वरूडकर** यांचा **मृत्यू दिनांक १६/०७/१९९९** रोजी **मेडीकल हॉस्पीटल, नागपूर येथे झाला.** असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदरहू अर्जदार यांना त्यांचे **मृत्यूचे** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्याची नोंद घेणेकामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.
त्याअर्थी मी तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) उपरोक्त वाचा क्र. १ आणि २ व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते की, सदर व्यक्तीचा **मृत्यू** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृह चौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) यांचे न्यायालयात स्वतः जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनामाच्या दिनांकापासून पंधरा दिवसाच्या आत सादर करावे.
उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/ उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **मृत्यू** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहीत धरून प्रस्तावित **मृत्यू** नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.
शिक्का
तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी, नागपूर शहर
Prasanna Publicity 09326927622

**महसुल व वनविभाग**
**कोर्ट विद्यमान तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर शहर, यांचे कार्यालय.**
(आकाशवाणी चौक, सिव्हील लाईन, नागपूर पिन कोड- ४४०००१) तालुका- नागपूर शहर, जिल्हा नागपूर.
Email ID: tahsildarngpcity@gamil.com दुरध्वनी क्र.०७१२-२५६११७५
क.ली./प्रस्तु-२/तह.नाग (शहर)/कावि ३१६/२०२५
दिनांक १६/०६/२०२५
वाचा : १) सार्वजनिक आरोग्य विभाग यांचे शासन निर्णय दिनांक १२ मार्च २०२५ नुसार, २) मा.उप सचिव, महसूल व वन विभाग, मंत्रालय, मुंबई यांचे कडील पत्र क्र. ०३/ई-१ अ.दि. १७/०३/२०२५, ३) मा. जिल्हाधिकारी, नागपूर यांचे कडील पत्र क्र. अका/डी-१/जन्म-मृत्यू आदेश/ कावि- १०४/२०२५ दिनांक १७/०३/२०२५, ४) **श्री निखील प्रेम डोणे,** रा. नवा नकाशा कमाल चौक, नागपूर यांचा अर्ज दिनांक ०४/०६/२०२५.
**जाहीरनामा**
ज्याअर्थी अर्जदार **श्री निखील प्रेम डोणे,** रा. नवा नकाशा कमाल चौक, नागपूर यांनी त्यांची आजी यांच्या **मृत्युची** नोंद महानगर पालिका दप्तरी घेणेकरिता निर्देशित करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.
सदर्हू **श्रीमती सुगंधाबाई दयाराम डोणे** यांचा मृत्यु दिनांक ३०/०६/२००२ रोजी राहत्या घरी नागपूर येथे झाला. असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदरहू अर्जदार यांना त्यांचे **मृत्युचे** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्याची नोंद घेणेकामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.
त्याअर्थी मी तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) उपरोक्त वाचा क्र. १ आणि २ व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते की, सदर व्यक्तीचा **मृत्यु** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृह चौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) यांचे न्यायालयात स्वतः जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनामाच्या दिनांकापासून पंधरा दिवसाच्या आत सादर करावे.
उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/ उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **मृत्यु** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहीत धरून प्रस्तावित **मृत्यु** नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.
शिक्का
तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी, नागपूर शहर करीता
Prasanna Publicity 09326927622

## आज का राशिफल

**मेष:** आज आपके माता-पिता का सहयोग मिलने से आर्थिक परेशानियां खत्म होती नजर आ रही हैं। किसी खास व्यक्ति या रिश्तेदार से सरप्राइज मिल सकता है।
**वृषभ:** आज का दिन आपके वित्त में बढ़ोतरी करने वाला सिद्ध होगा। अपनों का साथ मिलने से कारोबार में वृद्धि हो सकती है।
**मिथुन:** आज आपको अपनी करीबी दोस्तों के साथ समय बिताना चाहिए। व्यापार करने वालों को विदेश से लाभ के अवसर मिल सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहने वाला है।
**कर्क:** आज आपको मानसिक तनाव को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। आज अपने किसी भी राज को शेयर करने से बचें। यह एक और हाई एनर्जी वाला दिन है और अप्रत्याशित लाभ की संभावना है।
**सिंह:** आज आपका व्यक्तित्व चमकेगा। रियल एस्टेट और वित्तीय लेन-देन के लिए अच्छा दिन है।
**कन्या:** आज आपको अपनी फीलिंग्स पर कंट्रोल रखना चाहिए। किसी भी तरह के नेगेटिव विचारों से बचें। जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। किसी भी दीर्घकालिक निवेश से बचें और बाहर जाकर अपने अच्छे दोस्त के साथ कुछ सुखद पल बिताने की कोशिश करें।
**तुला:** आज आपकी धन की स्थिति में सुधार होगा। अपनों का साथ मिलेगा। किसी अटके हुए धन की वापसी हो सकती है। आपकी मुलाकात उस इंसान से होगी जो आपको अपनी जान से भी ज्यादा प्यार करता है।
**वृश्चिक:** आज आपकी सेहत अच्छी रहेगी। अपनों का साथ मिलेगा। निवेश का अच्छा रिटर्न मिल सकता है। अगर आप जल्दबाजी में फैसला पर पहुंचते हैं और बेकार के कदम उठाते हैं तो यह एक परेशान करने वाला दिन होगा।
**धनु:** आज आप तनाव मुक्त रहने वाले हैं। पैसों के निवेश और बचत को लेकर आज आपको अपने परिवार वालों से बात करने की जरूरत है।
**मकर:** आज आपकी कोई इच्छा पूरी हो सकती है। दिन की शुरुआत में धन की स्थिति में सुधार होगा। आज आपको किसी फंक्शन या पार्टी में कोई खास व्यक्ति मिल सकता है।
**कुंभ:** आज आपके खर्चों में वृद्धि होगी लेकिन दिन ढलने के साथ ही स्थिति में सुधार होगा। आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में वृद्धि करेगा।
**मीन:** आज आपको यात्रा से लाभ होगा। अप्रत्याशित लाभ से वित्तीय स्थिति में सुधार होगा। आपके व्यक्तिगत मोर्चे पर एक महत्वपूर्ण विकास होगा। आपका जीवनसाथी आज आपको किसी खूबसूरत चीज से सरप्राइज कर सकता है।

# एकनाथ शिंदे पर संजय राउत का पलटवार



**मुंबई.** राज्य में सियासत एक बार फिर गरमा गई है. एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे की शिवसेना में वार पलटवार का दौर जारी है. हाल ही में शिवसेना के स्थापना दिवस पर महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने उनकी शिवसेना के असली होने की बात दोहराई. वहीं अब इस पर उद्धव गुट के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने पलटवार किया.शिवसेना यूबीटी के सांसद संजय राउत ने कहा, 'शिंदे गुट को असली शिवसेना कहना और उनको अमित शाह द्वारा सर्टिफिकेट देना यह ऐसा है जैसे अमेरिका में जो रिपब्लिकन पार्टी है उसको रामदास अठावले की पार्टी कहने जैसा है.
महाराष्ट्र की जनता ने यह साफ कर दिया है. चुनाव आयोग पर दबाव डाल कर विधायक जीत जाने से शिंदे गुट की शिवसेना असली शिवसेना नहीं है.'उन्होंने आगे कहा, एकनाथ शिंदे अमित शाह के दबाव और धनबल के कारण शिवसेना के मालिक बन गए हैं. यह एक अस्थायी दौर है, दिल्ली में इनकी सरकार हटने से यह भी हट जाएंगे. शिंदे को यह नहीं भूलना चाहिए की उनको बालासाहेब ने जेल जाने से बचाया था और आज उनकी शिवसेना को तोड़ दिया गया यह विश्वासघात है. महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा, 'हमारी शिवसेना का 59वां स्थापना दिवस है.' आज कहीं और भी एक सभा (उद्धव गुट) चल रही है. लेकिन यह सभा (हमारी) बाबासाहेब के विचारों की है और दूसरी सभा सत्ता के लिए मजबूर और बिका हुआ लोगों की है. असली शिवसेना हमारी है. हमारे पास धनुष-बाण का चिन्ह है और जनता का आशीर्वाद भी. 59 वर्षों में शिवसेना को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है.

**मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस**

NP Committed to your Wellness DR. NANDI PATH LAB
OUR SERVICES: • BLOOD TESTS • BIOCHEMISTRY • HEMATOLOGY • MICROBIOLOGY • SEROLOGY & MORE
DR. GAURAV NANDI MBBS, MD (Patho) Ex. ASSTT PROFESSOR SMCW, PUNE
Mobile No.: 8767516249 | 7420869774
Near Nutan Saraswati School, Main Road, Kamptee, Nagpur

अल्का ब्युटी पार्लर
अलग-अलग प्रकार के फेशियल थ्रेडिंग • वैक्सींग • स्पा ट्रिटमेंट हेअर एवं बॉडी हिना ट्रिटमेंट • ब्लीचिंग • मेहंदी ऑर्डर मॅनीक्यूर-पेडिक्यूअर • स्कीन ट्रिटमेंट हेअर पर्मिंग नेल ट्रिटमेंट • हेअर कटिंग पींपल ट्रिटमेंट • त्वचा (स्कीन) केअर मेकअप • हेअर कलरिंग साडी स्टाईल्स यहाँ ब्युटी पार्लर कोर्सेस के क्लासेस लिये जाते हैं।
अल्का व्हि. लाडे
9373108897 / 9373531205
प्लॉट नं. 57-सी, एम्प्रेस मिल क्वॉ. नं. 15 के पीछे, बेझनबाग, नागपुर

तुळजाभवानी ट्रेडर्स
कलमना रोड, महालक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, रनाला चौक, कामठी
हमारे यहां गिट्टी, ईटा, राखड, मुरूम आदि का सप्लाई किया जाता है।
ठोक व चिल्लर विक्रेता
JCP Work 24 हमारे यहां उपलब्ध है
M. : 7987262970 | 9175172712

SWARNATYA MUSIC ACADEMY
Learn Music with Proper Exam Facility
Classes Conducted for
• Vocal Classical Singing • Light Music (with Karaoke) • Zumba • Yoga • Crochet • Macrame • Drawing • Paper Crafts
<: Contact :>
Mob - 9975757706, 9561674780
Adress : Plot no 212, Bengali Society, Kasturba Nagar, Jaripatka, Nagpur

श्री सतगुरु ट्रैवल्स
• 19 मे शिमला मनाली • 2 जून केरल कन्याकुमारी रामेश्वरम • 15 जून आगरा मथुरा वृंदावन • 9 सप्टेंबर केदारनाथ चारधाम यात्र • 10 ऑगस्ट गुजरात राजस्थान
संपर्क आशीष लक्ष्मीनारायण कावळे
7498753939, 93095 96390 8698495200, 9823454945

ADMISSION OPEN RKS PUBLIC SCHOOL
NURSERY to Std. IX
OUR FACILITY
Computer Lab • Cricket Karate Class • Swimming Pool Skating Class • Basket Ball
M. 8087955831 8956785080
Jaripatka Police Station Road, Nara, Nagpur

AVANI SOLAR SYSTEM
GSTIN No. : 27AHYPY4738N1ZX
VANDANA ABHIJEET YADAV Proprietor
AU Avani Udyog (MSEDCL Approved Vendor)
Office Address
Ground Floor, LSN 52/3, Ranala Railway Gate, Kamptee, Nagpur - 441 001
E-mail : avanisolarandagriproducts@gmail.com
Cell : +91 9665055266 | +91 8999396631
Sales Office : "G1", Bhavani Apartment, Near Lokvihar, Phase 3, Bhilgaon, Nagpur - 440 026.

इंग्लिश स्पीकिंग
E-PLANET TM SPEAKERS' ACADEMY Talkative, Funny & Tricky
Morning / Evening BATCHES
अंग्रेज़ी बोलना सीखें बिना किताब और कलम से
हम भीड़ में दौड़ना नहीं जितना सिखाते है।
» STUDENTS » TEACHERS » HOUSEWIVES » JOB SEEKERS
NEW BATCHES | 5:00 PM TO 6:00 PM | 8:00 AM TO 9:00 AM
9960462058,7498325477
नया गोदाम, प्रबुध्द नगर, ईस्माइलपुरा, कामठी डॉ. (प्रा.) अभिषेक चिमणकर

ZOREN PROPERTY DEALERS
हमारे यहाँ खेती, फ्लॅट, डुप्लेक्स, घर, बंगलो, फार्म हाऊस, रिसॉर्ट खरेदी और बेचा जाता है
अफसर खान
M. 9371381114, 7038696893
सभी प्रकार के प्रॉपर्टी पेपर का काम किया जाता है

नमोश्री ऑनलाईन जॉब सेन्टर
विक्रीपत्र, बक्षिसपत्र, मृत्युलेख, हक्क सोडण्याचे लेख, प्रतिज्ञापत्र, हिबानामा, झोन दाखला, बँक प्रतिज्ञा लेख व ईडेलिटी बॅड, आखिव पत्रिका, 7/12, फेरफारपंजी, रजिस्ट्री डाटा इन्ट्री, झेरॉक्स, लेमिनेशन, कलर प्रिंट, वॉटसअप पिंट, आधार कार्ड डाउनलोड
उमेश्वर शामकुंवर
M.9326760744
तहसील व कार्ट के सामने, कामठी

नसीब प्रिंटींग प्रेस
एस. सुधीर मो. 9372855880
डिजिटल बॅनर • विजिटिंग कार्ड शादी कार्ड • रबर स्टॅम्प बुक बाईडिंग • डीटीपी जॉब रोटा प्रिंटींग • स्क्रीन प्रिंटींग
प्रांजल हॉस्पीटल व दुर्गा स्टॉरेन्ट के सामने, दुर्गा चौक, कामठी

अंकित एंटरप्राइजेस
आनंद ठेकेदार : 7219847962
बिल्डिंग कॉन्ट्रैक्टर
हमारे यहां आरसीसी काम, बांधकाम काम, प्लास्टर, टाईल्स काम, पेंटिंग और पीओपी के सभी काम करके मिलेंगे।
"सकु आई मंजिल" नया गोदाम, कामठी

**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।
विज्ञान हेतू संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक मोबाइल नं. 9604758944 , 9881272088




# पेरिस में नीरज चोपड़ा का जलवा

## डायमंड लीग जीतकर रचा इतिहास

**नई दिल्ली.** भारतीय एथलेटिक्स के चमकते सितारे नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विदेशी जमीन पर तिरंगा लहरा दिया। शुक्रवार, 20 जून , को पेरिस डायमंड लीग में नीरज ने अपने पहले ही थ्रो में 88.16 मीटर की दूरी तय कर न सिर्फ




प्रतियोगिता जीती, बल्कि यह उनके करियर की पांचवीं डायमंड लीग जीत भी बन गई। यह प्रदर्शन नीरज के करियर का एक और ऐतिहासिक पड़ाव साबित हुआ। आठ साल बाद पेरिस में वापसी करने वाले नीरज ने उस ट्रैक पर जीत दर्ज की, जहां वे जूनियर विश्व चैंपियन के तौर पर पांचवें स्थान पर रहे थे। अब वह शीर्ष पर हैं. यह उनके संकल्प, कठिन परिश्रम और मानसिक मजबूती का साक्ष्य है।

इस मुकाबले में नीरज के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी जर्मनी के जूलियन वेबर माने जा रहे थे, जिन्होंने पिछली भिड़ंत (दोहा 2023) में नीरज को हराया था। लेकिन इस बार नीरज ने पहले ही थ्रो में लय पकड़ ली और वेबर के 86.20 मीटर के मुकाबले अपनी लीड बनाए रखी। वेबर मुकाबले के अंत तक नीरज से आगे नहीं निकल सके।

### रोमांचक रहा तीसरे स्थान का संघर्ष

जब लग रहा था कि तीसरा स्थान वाल्कोट को जाएगा, तभी ब्राज़ील के मौरिसियो लुईज दा सिल्वा ने 86.20 मीटर का जबरदस्त थ्रो कर महाद्वीपीय रिकॉर्ड के साथ पोडियम पर अपनी जगह बना ली। यह पल दर्शकों के लिए आश्चर्य और रोमांच से भरा रहा।

### अगला पड़ाव और ऐतिहासिक आयोजन

नीरज अब अगली बार 24 जून को चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा में 'गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स मीट' में नजर आएंगे। इसके बाद, 4 जुलाई को वह खुद के नाम पर आयोजित होने वाली पहली प्रतियोगिता – 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' में भाग लेंगे, जो भारतीय एथलेटिक्स इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगी।

# नजमुल हसन शांतो ने रचा इतिहास

### एक मैच में ठोके 2 शतक



**नई दिल्ली.** श्रीलंका के खिलाफ गॉल में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में बांग्लादेश के कप्तान ने नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. कप्तान नजमुल हसन शांतो ने इस मैच की दोनों पारियों में शतक लगाकर इतिहास रच दिया. वो गॉल टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पहले बांग्लादेशी कप्तान बन गए हैं. शांतो ने पहली पारी में 148 रन बनाए थे, जबकि दूसरी पारी में उन्होंने नाबाद 125 रनों की पारी खेली. बांग्लादेश ने अपनी दूसरी पारी 6 विकेट पर 285 रन पर घोषित कर दी है. इस तरह श्रीलंका को इस टेस्ट मैच को जीतने के लिए 296 रन बनाने होंगे, लेकिन अब इस टेस्ट मैच में समय नहीं बचा है, पांचवें दिन का खेल खत्म होने में कुछ ही ओवर बचे हैं. ऐसे में ये टेस्ट मैच ड्रॉ की ओर बढ़ रहा है.

गॉल टेस्ट मैच के दौरान बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शांतो ने इतिहास रच दिया. उन्होंने इस मैच की दोनों पारियों में शतक ठोक दिया. पहली पारी में उन्होंने 279 गेंदों में 15 चौके और एक छक्का की मदद से 148 रन बनाए थे. इसके अलावा मुश्फिकुर रहीम ने भी पहली पारी में 163 रनों की पारी खेली थी. इससे बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 495 रन बनाए थे.

दूसरी पारी में शांतो ने शानदार बल्लेबाजी की और 199 गेंदों में 9 चौके और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 125 रनों की पारी खेली दी. बांग्लादेश ने अपनी दूसरी पारी 6 विकेट पर 285 रन पर घोषित कर दी.

### एक टेस्ट में बनाए सबसे ज्यादा रन

श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान बांग्लादेश के कप्तान ने 12 साल पुराना एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया. नजमुल हसन शांतो ने दोनों पारियों में शानदार प्रदर्शन करते हुए शतकीय पारी खेली. उन्होंने इस टेस्ट मैच में 273 रन बनाए, जो एक टेस्ट मैच में बांग्लादेश की ओर से सबसे ज्यादा रन है. उन्होंने मुश्फिकुर रहीम का रिकॉर्ड तोड़ा दिया. रहीम ने साल 2013 में श्रीलंका के ही खिलाफ गॉल के मैदान पर एक टेस्ट मैच में बांग्लादेश की कप्तानी करते हुए कुल 200 रन बनाए थे.

श्रीलंका को अब जीत के लिए 296 रन बनाने हैं, लेकिन कुछ ओवरों का ही खेल बचा है.

# केएल राहुल ने क्यों जोड़े ऋषभ पंत के आगे हाथ?



**नई दिल्ली.** इंडिया वर्सेस इंग्लैंड पहले टेस्ट का पहला दिन भारत के नाम रहा। लीड्स में जारी इस टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल खत्म होने तक टीम इंडिया ने यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल के शतक के दम पर 3 विकेट के नुकसान पर 359 रन बोर्ड पर लगाए। वहीं ऋषभ पंत 65 रन पर नाबाद रहे। जिस अंदाज में ऋषभ पंत ने अपनी पारी का आगाज किया था, उसी अंदाज में उन्होंने दिन का अंत भी किया। जब भी दिन का आखिरी ओवर होता है तो हर बल्लेबाज विकेट देने से बचना चाहता है और जितना हो सके उतना कम रिस्की शॉट खेलता है। मगर पंत तो पंत है। क्रिस वोक्स के आखिरी ओवर की पहली गेंद पर उन्होंने कदमों का इस्तेमाल कर छक्का लगाया। उनका यह जिग्रा देख इंग्लैंड का हर कोई खिलाड़ी हैरान था।

पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद जब शुभमन गिल और ऋषभ पंत की जोड़ी ड्रेसिंग रूम में लौटी तो टीम इंडिया के खिलाड़ियों समेत सपोर्ट स्टाफ ने तालियों के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान सीढ़ियों के पास खड़े केएल राहुल ने ऋषभ पंत को देखते ही उनके आगे हाथ जोड़ दिए। उनको भी मालूम है जो ऋषभ पंत ने किया है वो कोई और नहीं कर सकता। बात मैच की करें तो, टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया को यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की जोड़ी ने धाकड़ शुरुआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 91 रन जोड़े। हालांकि शानदार बैटिंग कर रहे केएल राहुल 42 के निजी स्कोर पर 25वें ओवर में ब्रायडन कार्से का शिकार बने। इसके बाद डेब्यूटेंट साई सुदर्शन बिना खाता खोले पवेलियन लौटे।

# इंग्लैंड की गेंदबाजी में अनुभव की कमी


## वुड की गैरमौजूदगी से बड़ा नुकसान



**ओवल.** इंग्लैंड के चोटिल तेज गेंदबाज मार्क वुड को उम्मीद है कि वह भारत के खिलाफ 31 जुलाई से ओवल में खेले जाने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले फिट होकर चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। भारत के खिलाफ पहले मैच में इंग्लैंड के तीन तेज गेंदबाज बुरी तरह फ्लॉप रहे। क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स और जोश टंग उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके। जिसकी वजह से भारतीय टीम पहले दिन 359 रन बनाने में कामयाब रही। वुड के ना होने से इंग्लैंड की टीम को बड़ा नुकसान हुआ है।मार्क वुड फिलहाल घुटने की सर्जरी के बाद 'रिहैबिलि-टेशन' की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को इस वर्ष की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान बाएं घुटने में चोट लगी थी और मार्च में उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। वुड ने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल से कहा, ''रिहैब अच्छा चल रहा है। मैंने अभी हल्की गेंदबाजी शुरू की है, इसलिए मैं अब वापसी की राह पर हूं।''उन्होंने कहा, ''मुझे अब भी इस सीरीज में खेलने की उम्मीद है, इसलिए मैं उन खिलाड़ियों पर नजर रख रहा हूं, जिनसे मेरा सामना हो सकता है। मैं अभी अंतिम टेस्ट को लक्ष्य बना रहा हूं। उससे पहले कुछ भी कहना शायद थोड़ा जल्दबाजी होगा। हो सकता है कि मैं अंतिम टेस्ट मैच में भी नहीं खेल पाऊं लेकिन अभी मेरा ध्यान इस बात पर केंद्रित है कि मैं उस मैच में अपनी भूमिका निभा सकता हूं।''इंग्लैंड हाल के दिनों में अपने सबसे कम अनुभवी गेंदबाजी आक्रमण के साथ पहले मैच में उतरा है, जिसमें जेम्स एंडरसन संन्यास ले चुके हैं, जबकि जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड की जोड़ी चोटिल है.

# सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स टॉप पर कायम

## टेक्सास सुपर किंग्स को 7 विकेट से हराया



**डलास.** मेजर लीग क्रिकेट 2025 (एमसीएल) के 10वें मुकाबले में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टेक्सास सुपर किंग्स को 7 विकेट से मात दी। डलास में खेले गए इस मुकाबले में हार के साथ सुपर किंग्स को सीजन की पहली हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले टीम अपने सभी तीन मुकाबले जीत चुकी थी। दूसरी ओर, यूनिकॉर्न्स ने लगातार चौथी जीत के साथ अंक तालिका में पहला स्थान मजबूत कर लिया है। डलास में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सुपर किंग्स ने 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 198 रन बनाए। इस टीम को सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। डेवोन कॉन्वे ने फाफ डु प्लेसिस के साथ मिलकर 9.1 ओवरों में 97 रन जोड़े। कॉन्वे 23 गेंदों में इतने ही रन बनाकर आउट हुए।इसके बाद कप्तान डु प्लेसिस ने सैतेजा मुक्कामल्ला के साथ दूसरे विकेट के लिए 69 रन जोड़कर टीम को विशाल स्कोर की ओर बढ़ा दिया। मुक्कामल्ला 16वें ओवर की अंतिम गेंद पर आउट हुए। उन्होंने टीम के खाते मे 38 रन जोड़े। इसके बाद अगली ही गेंद पर डु प्लेसिस को हारिस रऊफ ने अपना शिकार बना दिया। फाफ डु प्लेसिस 51 गेंदों में 100 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने सात छक्के और छह चौके जड़े।विपक्षी टीम की ओर से जेवियर बार्टलेट और हारिस रऊफ ने दो-दो विकेट अपने नाम किए। विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स को उसकी ओपनिंग जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। कप्तान मैथ्यू शॉर्ट और फिन एलन ने पहले विकेट के लिए 8.3 ओवरों में 117 रन जोड़े। शॉर्ट 29 गेंदों में चार छक्कों और छह चौकों के साथ 61 रन बनाकर आउट हुए। फिन एलन ने जेक फ्रेजर-मैकगर्क के साथ दूसरे विकेट के लिए 52 रन जुटाए। एलन ने अपनी पारी में 35 गेंदों का सामना किया, जिसमें आठ छक्कों और चार चौकों के साथ 78 रन ठोके, जबकि मैकगर्क ने 37 रन बनाकर टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। टेक्सास सुपर किंग्स की तरफ से एलम मिल्ने, डेरिल मिशेल और मोहम्मद मोहसिन ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

# रोहित शर्मा फैमिली संग अबू धाबी में मना रहे छुट्टियां



**नई दिल्ली.** रोहित शर्मा ने कुछ ही सप्ताह पहले टेस्ट से रिटायरमेंट की घोषणा की है. संन्यास के कुछ ही दिन बाद रोहित अपनी फैमिली के साथ छुट्टियां मनाने निकल पड़े हैं. रोहित शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया है, जिसमें वो अपनी वाइफ रितिका दिख रहे हैं. रोहित ने तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा कि वो अबू धाबी के जुमेराह सादियत आइलैंड पर वैकेशन मना रहे हैं. मगर इस तस्वीर से उनका बेटा और बेटी, दोनों गायब हैं. यहां जानिए क्या है इसकी वजह?

सामने आई इस तस्वीर में रोहित और रितिका रोमांटिक पोज देते हुए दिख रहे हैं. दरअसल इस तस्वीर के सामने आने से पहले रोहित शर्मा को अपनी वाइफ रितिका, बेटी समायरा और बेटे अहान के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए थे. रोहित ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में चाहे केवल वाइफ रितिका के साथ तस्वीर साझा की हो, लेकिन उनके बच्चे भी अबू धाबी में उनके साथ वैकेशन पर गए हैं. ये पहली बार है जब रोहित शर्मा अपनी टेस्ट रिटायरमेंट के बाद अपने परिवार के साथ दिखे हैं.

रोहित शर्मा ने अपने टेस्ट करियर के आखिरी चरण में ओपनिंग का भार संभालना शुरू किया था. यशस्वी जायसवाल बतौर ओपनर टीम में

# साई सुदर्शन डेब्यू में शून्य पर आउट



नई दिल्ली. साई सुदर्शन को शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू करने का मौका मिला. लेकिन वो इस मौके का फायदा नहीं उठा पाए. वो बिना खाता खोले पवेलियन लौटे गए. इस दौरान उनके नाम एक ऐसा शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया, जो किसी और भारतीय बल्लेबाज के नाम नहीं है.

सुदर्शन तीन नंबर पर बल्लेबाजी करने आए थे. वो सिर्फ चार गेंद ही खेल पाए और बिना कोई रन बनाए आउट हो गए. सुदर्शन डेब्यू मैच में तीन नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए शून्य पर आउट होने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने हैं. सुदर्शन, सौरव गांगुली के बाद पहले भारतीय बल्लेबाज हैं, जिन्होंने अपने करियर की पहली पारी नंबर तीन पर खेली है. गांगुली ने साल 1996 में लॉर्ड्स में तीन नंबर पर बल्लेबाजी की थी.

सुदर्शन के क्रीज पर आने से पहले भारतीय ओपनर्स ने अच्छी शुरुआत की थी. यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने मिलकर पहले विकेट के लिए 91 रन जोड़े थे. राहुल और जायसवाल ने इस दौरान 39 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया था. राहुल और जायसवाल की 91 रनों की साझेदारी इंग्लैंड में पहले टेस्ट में भारत के लिए.

# पिच पर टकराए दो भारतीय खिलाड़ी

## गिरने के बाद भी बच गए रन आउट से!



**मुंबई.** महाराष्ट्र प्रीमियर लीग 2025 के एलिमिनेटर मुकाबले में में रायगढ़ रॉयल्स और कोल्हापुर टस्कर्स के बीच हुए मुकाबले में कुछ ऐसा देखने को मिला जो शायद ही आपने कभी देखा हो. इस मुकाबले में दो बल्लेबाज रन लेते हुए आपस में टकरा गए. दोनों के बीच टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों को भयानक चोट लग सकती थी. ये दोनों बल्लेबाज बीच पिच पर गिर गए लेकिन हैरानी इस बात की है कि फील्डिंग टीम दोनों में से किसी को रन आउट नहीं कर पाई. आइए आपको बताते हैं कि आखिर ये सब हुआ कैसे?

महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में रायगढ़ रॉयल्स के बल्लेबाज दो रन चुराने के लिए भाग रहे थे लेकिन दूसरा रन लेटे हुए दोनों की आपस में टक्कर हो गई. दोनों टकराते ही पिच पर लेट गए. फील्डिंग टीम के पास दोनों में से किसी को भी रन आउट करने का ऑप्शन था. लेकिन ऐसा हुआ नहीं. दरअसल एक बल्लेबाज टक्कर के बाद नॉन स्ट्राइकर एंड पर दौड़ गया और इसके बाद स्ट्राइकर एंड पर दूसरे बल्लेबाज ने भी अचानक दौड़ लगा दी. एक फील्डर ने स्ट्राइक एंड पर थ्रो मारकर बल्लेबाज को रन आउट करने की कोशिश की लेकिन ऐसा हो नहीं पाया. नतीजा दोनों ही बल्लेबाज नॉट आउट रहे.

### रायगढ़ रॉयल्स की जीत

दिलचस्प बात ये है कि रायगढ़ रॉयल्स को इस मैच में जीत भी मिल गई. ये टीम 2 गेंद पहले 6 विकेट से मैच जीती. पहले बल्लेबाजी करते हुए कोल्हापुर टस्कर्स ने 7 विकेट पर 164 रन बनाए थे जवाब में रायगढ़ रॉयल्स ने ये लक्ष्य 19.4 ओर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया.रायगढ़ की ओर से विक्की ओस्तवाल ने सबसे ज्यादा 74 रनों की पारी खेली. नीरज जोशी ने नाबाद 37 रन बनाए और सिद्धेश वीर ने 39 रन बनाए.

# भारत के दो बल्लेबाजों ने टूर के पहले दिन जड़े शतक




**लंदन.**भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले मैदान पर खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन भारतीय बल्लेबाजों ने इतिहास रच दिया। इस मैच के पहले दिन परिस्थितियां बल्लेबाजी के लिए अनुकूल रहीं और भारतीय बल्लेबाजों ने जमकर रन बनाए। भारत ने दिन का खेल खत्म होने तक तीन विकेट के नुकसान पर 359 का स्कोर बना लिया। इस दौरान कप्तान शुभमन गिल और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने शतक लगाए टेस्ट इतिहास में ऐसा तीसरी बार है, जब टूर के पहले ही दिन भारत के दो बल्लेबाजों ने शतक जड़े हों। ऐसे में आइए इस खबर के माध्यम से इन तीन मौकों के बारे में जानते हैं-


तेंदुलकर और सहवाग की जोड़ी भारतीय क्रिकेट इतिहास की सबसे सफल सलामी जोड़ियों में से एक है। इन दोनों ने नवंबर 2001 में दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर यह कारनामा किया था। ब्लोमफोंटेन में टेस्ट के पहले ही दिन डेब्यूटेंट वीरेंद्र सहवाग ने सचिन तेंदुलकर के साथ मिलकर भारत को उस वक्त संकट से निकाला, जब टीम 68 के स्कोर तक चार विकेट गंवा चुकी थी। दोनों ही बल्लेबाजों ने टूर के पहले दिन शतक जड़े और टीम को माजबूत स्थिति पर पहुंचाया। वीरेंद्र सहवाग ने 105, जबकि सचिन तेंदुलकर ने 155 रन की पारी खेली। जिसकी मदद से भारतीय टीम ने शुरुआत में लड़खड़ाने के बाद 379 रन का स्कोर बनाया। हालांकि, भारत यह मुक़ाबला नहीं जीत सका और दक्षिण अफ्रीका ने नौ विकेट से इसे अपने नाम कर लिया।

श्रीलंका के खिलाफ जुलाई 2017 में गाले में खेले गए पहले टेस्ट के पहले ही दिन खब्बू बल्लेबाज शिखर धवन और चेतेश्वर पुजारा ने अपने शतक पूरे किए थे। टीम इंडिया को 27 के स्कोर पर अभिनव मुकुंद (12) के रूप में पहला झटका लगा था, लेकिन यहां से धवन-पुजारा ने दूसरे विकेट के लिए 253 रन जोड़ते हुए टीम को 600 रन तक पहुंचाने में मदद की। धवन ने इस पारी में 190 रन बनाए, जबकि पुजारा ने 153 रन की पारी खेली। भारत ने मैच 304 रन से जीता था। हेडिंग्ले में खेले जा रहे इस मैच में शुभमन गिल ने बतौर टेस्ट कप्तान अपने पहले ही मैच में शतकीय पारी खेली। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भी 101 रन बनाए। गिल 127 रन बनाकर अब भी क्रीज़ पर टीके हुए हैं। वहीं जायसवाल 159 गेंदों में 16 चौके और 1 छक्का की मदद से 101 रन बनाए।

# मलाइका ने योग दिवस पर फैंस को दी फिटनेस प्रेरणा




मलाइका अरोड़ा बॉलीवुड की उन अदाकाराओं में से एक हैं जिनका योगा से गहरा नाता है. योग के दम पर मलाइका अरोड़ा ने अपनी उम्र पर लगाम लगा रखी है. ऐसे में इंटरनेशनल योगा डे मलाइका अरोड़ा के लिए बेहद खास हो जाता है. यही वजह है जो सुबह होते ही मलाइका अरोड़ा इंटरनेशनल योगा डे सेलिब्रेट करने निकल गईं. कुछ समय पहले ही मलाइका अरोड़ा हरियाणा के गुरुग्राम में पहुंची थीं. यहां पर मलाइका अरोड़ा ने अपने फैंस के साथ योगा की है.



गुरुग्राम में मलाइका अरोड़ा ने अपने फैंस को योगा करने का सही तरीका भी बताया है. इस दौरान मलाइका अरोड़ा लाइट ग्रीन कलर के खूबसूरत आउटफिट में नजर आईं. मलाइका अरोड़ा के इस आउटफिट में उनकी टोंड फिगर साफ नजर आ रही है.गुरुग्राम में आते ही लोगों ने पहले मलाइका अरोड़ा का स्वागत किया. जिसके बाद मलाइका अरोड़ा योगा सिखाने निकल गईं. इस दौरान मलाइका अरोड़ा का हॉट अवतार देखकर फैंस भी दंग रह गए. मलाइका अरोड़ा को देखकर लग ही नहीं रहा है कि वो एक जवान बेटे की मां हैं. यही वजह है जो कुछ समय में ही मलाइका अरोड़ा की ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है. लोग मलाइका अरोड़ा की फिटनेस की जमकर तारीफ कर रहे हैं. फैंस का कहना है कि मलाइका अरोड़ा को ऐसे ही योगा सिखाने

# डीडीएलजे पर अनुपम खेर का चौंकाने वाला बयान

बॉलीवुड एक्टर अनुपम खेर ने अपने करियर में 550 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है. इसमें कई फिल्में तो ऐसी भी हैं जिन्होंने ताबड़तोड़ कमाई की है. इन्हीं में से एक फिल्म थी दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे. इस फिल्म में अनुपम खेर ने शाहरुख खान के पापा का रोल प्ले किया था. आज भी ये फिल्म लोग खूब चाव से देखते हैं. लेकिन अब फिल्म का हिस्सा रहे अनुपम खेर ने डीडीएलजे फिल्म को लेकर एक अलग ही बात कह दी है.



उनका ऐसा मानना है कि अगर दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे फिल्म अब रिलीज होती तो उतनी सफल नहीं होती जितनी उस दौर में हुई थी.अनुपम खेर ने डीडीएलजे के बारे में बात करते हुए कहा- डीडीएलजे फिल्म आज इसलिए पसंद की जाती है क्योंकि उस फिल्म में उस दौर की यादें जुड़ी हैं. उस फिल्म को लोग आज भी इसलिए देखते हैं क्योंकि वे उससे जुड़ना पसंद करते हैं. लेकिन अगर आज के दौर में डीडीएलजे रिलीज होती और पहली बार बनती तो ये फिल्म ना चलती. इस फिल्म का वैसा इम्पैक्ट देखने को ना मिलता जैसा उस दौरान मिला था. अगर गॉन विद द विंड फिल्म इस समय आती तो शायद वैसे पसंद ना की जाती. 90 के दौर में जब डीडीएलजे आई थी तो उस फिल्म में पहली बार एक्टर ने कहा था कि मैं तुमसे तभी शादी करूंगा जब तुम्हारे पिता इस शादी के लिए मान जाएंगे. ये उस समय नया था जिसे पसंद किया गया था. फिल्म के सारे कैरेक्टर्स ताजे थे और जमीन से जुड़े हुए थे.अनुपम खेर की बात करें तो पहले के वक्त में रोमांटिक फिल्मों को शूट करने का अप्रोच एकदम अलग होता था. पहले रोमांटिक फिल्मों में दोनों प्रेमियों को अजनबी दिखाया जाता था. वे काफी समय तक अजनबी रहते थे और उनमें धीरे-धीरे प्यार पनपता था. उसमें एक कशिश होती थी. एक अपील होती थी. लेकिन ऐसा कुछ भी मौजूदा समय में होता नजर नहीं आता है. आज तो सब कुछ जल्दी-जल्दी दिखा दिया जाता है.

# 'सितारे जमीन पर' देख भावुक हुए जावेद अख्तर

आमिर खान की मच अवेटेड फिल्म 'सितारे जमीन पर' आज यानी शुक्रवार को रिलीज हो गई है, जिसको सोशल मीडिया पर जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है, फैंस अपने-अपने तरीके से आमिर खान और फिल्म को लेकर तारीफों के पुल बांध रहे हैं. ऐसे में आइए जानते हैं, खुद स्टार्स का इस फिल्म को लेकर क्या कहना है? आमिर खान की मच अवेटेड फिल्म 'सितारे जमीन पर' आज यानी शुक्रवार को रिलीज हो गई है, जिसको सोशल मीडिया पर जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है, फैंस अपने-अपने तरीके से आमिर खान और फिल्म को लेकर रिव्यू दे रहे हैं, इससे पहले गुरुवार को मुंबई में इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई थी, जिसमें सलमान खान, शाहरुख खान से लेकर कई बड़ी बॉलीवुड हस्तियां पहुंची थीं. हाल ही में आमिर खान की टीम की तरफ से स्क्रीनिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है.

# रानी मुखर्जी की शादी की अनसुनी कहानी



बॉलीवुड की बेहतरीन अदाकाराओं में शुमार रानी मुखर्जी ने अपनी शानदार एक्टिंग के दम पर हिंदी सिनेमा में अलग और खास पहचान बनाई है. रानी ने मशहूर फिल्ममेकर आदित्य चोपड़ा से शादी की है, लेकिन उनकी दिली ख्वाहिश थी कि वो हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन से शादी करें जो कि उनसे उम्र में 35 साल बड़े हैं.रानी मुखर्जी बॉलीवुड के कई बड़े सुपरस्टार की तरह अमिताभ बच्चन की फैन हैं. शुरू से ही रानी बिग बी की मुरीद रही हैं. उन्होंने एक बार एक्ट्रेस सिमी ग्रेवाल के टॉक शो पर अपने दिल की ख्वाहिश जाहिर करते हुए बताया था कि वो बिग बी से शादी करना चाहती थीं. लेकिन आपको ये जानकर हैरानी होगी कि उनकी शादी बिग बी के बेटे और अभिनेता अभिषेक बच्चन से होने वाली थी.सिमी ग्रेवाल के शो पर सालों पहले रानी मुखर्जी ने बहुत बड़ी बात कही थी. सिमी द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में रानी ने कहा था कि अगर उन्हें मौका मिलता तो वो अमिताभ बच्चन से शादी करतीं. उन्होंने ये भी बताया था कि उनके दिल में बिग बी के लिए काफी सम्मान और प्यार हैं. एक्ट्रेस अमिताभ बच्चन की पूजा भी करना चाहती थीं.अमिताभ बच्चन और रानी मुखर्जी स्क्रीन भी शेयर कर चुके हैं. साल 2005 में आई फिल्म 'ब्लैक' से तो दोनों ने बवाल ही मचा दिया था. दरअसल इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने 35 साल छोटी रानी संग किसिंग सीन दिया था, जिससे पूरी फिल्म इंडस्ट्री हिल गई थी.चाहे रानी को बिग बी से शादी करने का मौका न मिल पाया लेकिन उन्हें उनके घर की बहू बनने का मौका मिला था. दरअसल एक समय अभिषेक और रानी एक दूसरे को डेट कर रहे थे. उनके रिश्ते के बारे में बच्चन फैमिली को भी जानकारी थी. 'बंटी और बबली', 'कभी अलविदा ना कहना' और 'युवा' जैसी फिल्मों में साथ काम करने के दौरान दोनों का इश्क परवान चढ़ने लगा. दोनों शादी करने के लिए भी तैयार थे, लेकिन फिर अचानक दोनों के ब्रेकअप की खबरें आईं और वो अलग हो गए.




# माँ के प्रमोशन में काजोल ने खोला बड़ा राज

बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल इन दिनों अपनी अपकमिंग हॉरर फिल्म 'माँ' के प्रमोशन में बिजी हैं, लेकिन प्रमोशन के दौरान उन्होंने एक ऐसा खुलासा कर दिया, जिससे सोशल मीडिया पर तूफान आ गया. उन्होंने हैदराबाद की मशहूर रामोजी फिल्म सिटी को लेकर ऐसा बयान दिया, जो लोगों को हैरान कर गया. काजोल ने एक मीडिया इंटरव्यू बताया कि उन्होंने रामोजी फिल्म सिटी में शूटिंग के दौरान बेचैनी और डर महसूस किया.

उन्होंने कहा, 'मुझे वहां नींद नहीं आती थी. मैं बहुत अनकंफर्टेबल महसूस करती थी. उन्होंने कहा रामोजी फिल्म सिटी मेरे लिए दुनिया की सबसे प्रेतवाधित जगहों में से एक है.'हालांकि उन्होंने यह भी साफ किया कि उन्हें वहां कोई भूत नहीं दिखा, लेकिन माहौल इतना डरावना था, कि वो काफी डिस्टर्ब हो गई थीं.\

काजोल का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और इस पर लोगों के मिले जुले रिएक्शन देखने को मिल रहे हैं.कजोल ने जो बात कही उसपर कई लोगों ने इसे तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री और हैदराबाद का अपमान बताया एक यूजर ने लिखा, 'रामोजी को हॉन्टेड बताना, भारत की सबसे बड़ी फिल्म सिटी का अपमान है.' जबकि एक अन्य यूजर ने कहा, 'अगर ये सच में डरावनी होती तो लाखों लोग हर साल वहां टूरिज्म के लिए क्यों जाते?' आपको यह जानकर हैरानी होगी कि काजोल ने ही नहीं इस तरह के एक्सपीरियंस को शेयर किया है, बल्कि इंडस्ट्री से जुड़े कई हस्तियां भी रामोजी फिल्म सिटी को लेकर अपने डरावने अनुभव शेयर कर चुके हैं. इनमें तापसी पन्नू, राशि खन्ना, फिल्ममेकर रवि बाबू, डायरेक्टर सुंदर सी है.

## 'पाकिस्तानी फिल्म इंडस्ट्री के राष्ट्रपिता हैं महेश भट्ट



किसी वक्त शाहरुख खान की आवाज कहे जाने वाले सिंगर अभिजीत भट्टाचार्य अब किसी प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं बनते हैं। काफी समय से वो किसी तरह की फिल्म में अपनी आवाज देते नहीं नजर आए हैं। हालांकि उनका नाता विवादों से जुड़ा रहता है और उनके बयान कई बार बवाल काटने के लिए काफी होते हैं। इस वक्त भी कुछ ऐसा ही हुआ है। अभिजीत भट्टाचार्य का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वो tv9 पर नजर आ रहे हैं और इस दौरान उन्होने महेश भट्ट को लेकर एक विवादित बयान दिया है। सिंगर अभिजीत से इस दौरान कुछ सवाल पूछे जा रहे थे। एंकर ने स्क्रीन पर करण जौहर, अनुराग कश्यप और महेश भट्ट की तस्वीरें दिखाईं और पूछा, 'बेहतर डायरेक्टर कौन?' अभिजीत बिना कुछ सोचे समझे आग की तरफ बढ़े और महेश भट्ट की ओर इशारा करते हुए बोले,'ये पाकिस्तान के फिल्म इंडस्ट्री के राष्ट्रपिता हैं। पाकिस्तानियों को इधर लाने के राष्ट्रपिता हैं।' इसके बाद वीडियो आग की तरह वायरल हो रहा है और लोग कई तरह की बातें कर रहे हैं। अभिजीत पहले शाहरुख खान की फिल्मों के गाने गाते थे लेकिन अब वो नजर नहीं आते हैं। अभिजीत भट्टाचार्य के इस वीडियो पर लोगों के रिएक्शन आ रहे हैं। एक ने लिखा है, 'इसकी हेकड़ी की वजह से ये फिल्म लाइन में नहीं चला बाकी गायक कलाकार अच्छा था।

## 89 की उम्र में धर्मेंद्र ने किया योगा

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेन्द्र ने 89 वर्ष की उम्र में यह साबित कर दिया कि उम्र केवल एक संख्या है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अपने लोनावला स्थित फार्म हाउस में एक विशेष योग सत्र में हिस्सा लिया। इस सत्र में उनके साथ अभिनेत्री, मॉडल, एंकर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर एकता जैन भी शामिल हुईं। दोनों ने अनुलोम-विलोम, प्राणायाम और अन्य श्वास नियंत्रण अभ्यास किए। यह योग सत्र स्वास्थ्य, एकाग्रता और सम्पूर्ण जीवन शैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम के दौरान एकता जैन ने धर्मेन्द्र जी की ऊर्जा की प्रशंसा करते हुए कहा, 'धर्मेन्द्र सर में बहुत ऊर्जा है। उन्होंने साबित कर दिया कि उम्र महज एक संख्या है।' उन्होंने यह भी कहा कि योग आज की पीढ़ी के लिए मानसिक और शारीरिक संतुलन बनाए रखने का एक शक्तिशाली माध्यम है। अपने सरल जीवन और अनुशासन के लिए मशहूर धर्मेन्द्र ने सभी आयु वर्ग के लोगों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, 'योग सभी को करना चाहिए, स्वस्थ जीवन के लिए,' और यह भी बताया कि योग केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि आत्म-संपर्क का मार्ग है।